वर्ष 2021 | अंक 02
कुल अंक 02 | अप्रैल 2021 | ₹ 40

दृष्टि The Vision

# बिहार व झारखंड करेंट अफेयर्स

## मुख्य आकर्षण

सामान्य हिन्दी, General English, बेसिक मैथ्स एवं बेसिक रीज़निंग

परीक्षा की रणनीति | टॉपर से बातचीत

### सुर्खियों में...

- बिहार आर्थिक सर्वेक्षण, 2020-21 एवं बिहार बजट, 2021-22
- पाँच राज्यों के लिये विधानसभा आम चुनाव की घोषणा
- उत्तराखंड में ग्लेशियर टूटने से भारी तबाही
- म्यांमार में तख्तापलट, सेना ने सँभाली कमान

### सॉल्व्ड/मॉडल पेपर

- 66th BPSC संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुनः परीक्षा-2020
- बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी (APO) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2020
- झारखंड संयुक्त असैनिक (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा-2020




- बिहार : एक झलक
- झारखंड : एक झलक
- आगामी परीक्षाएँ
- फटाफट न्यूज़
- एग्ज़ाम पॉइंटर
- GK पॉइंटर
- कौन, क्या, कहाँ?

# बिहार PCS
## प्रिलिम्स कोर्स

मोड : ऑनलाइन/पेन ड्राइव

**कोर्स की विशेषताएँ**

- देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की टीम द्वारा अध्यापन।
- कोर्स की वैधता 2 वर्षों तक तथा प्रत्येक वीडियो को 3 बार तक देखने की सुविधा।
- हर कक्षा के अंत में उस टॉपिक से संबंधित पूछे गए और पूछे जा सकने वाले प्रश्नों पर चर्चा।
- वीडियो क्लिप्स और विजुअल्स की मदद से जटिल विषयों की रुचिकर प्रस्तुति।
- कोर्स के अनुसार तैयार की हुई पाठ्यसामग्री।

अधिक जानकारी के लिये 9311406440 नंबर पर कॉल या वाट्सएप करें

ऑनलाइन क्लास के लिये इंस्टॉल करें
**Drishti Learning App**

## IAS Foundation Course
# सामान्य अध्ययन
## (प्रिलिम्स + मेन्स)

मोड : पेन ड्राइव

**डॉ. विकास दिव्यकीर्ति के निर्देशन में**

एडमिशन प्रारंभ

**कोर्स की विशेषताएँ**

- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति तथा देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की टीम द्वारा अध्यापन।
- डॉ. विकास दिव्यकीर्ति द्वारा एथिक्स (संपूर्ण), राजव्यवस्था (व्यापक अंश) और समाज (सैद्धांतिक पक्ष) का अध्यापन।
- कुल 1200+ घंटों की 500+ कक्षाएँ।
- प्रत्येक कक्षा को 3 बार तक देखने की सुविधा। कोर्स की वैधता बैच शुरू होने से 3 वर्षों तक।
- संशय निवारण के लिये एकेडमिक सपोर्ट टीम की सुविधा उपलब्ध। नियमित रूप से डाउट क्लासेज़ तथा ऑनलाइन मीटिंग्स की भी व्यवस्था।

अतिरिक्त जानकारी के लिये 9311406442 नंबर पर कॉल या वाट्सएप करें

इंस्टॉलमेंट्स पर भी उपलब्ध ! लॉग-इन कीजिये : www.drishtiIAS.com

ऑनलाइन क्लास के लिये अपने एंड्रॉयड फोन पर इंस्टॉल करें
**Drishti Learning App**

# विवरणिका




**संपादक की कलम से...** — 5
*क्योंकि ज़रूरत से कम या ज़्यादा आत्मविश्वास घातक होता है......*

**टॉपर से बातचीत** — 7
*प्रभाकर कुमार*

**आगामी परीक्षाएँ** — 9

**परीक्षा की रणनीति** — 11
*BPSC मुख्य परीक्षा*

**फटाफट न्यूज़** — 13

**करेंट अफेयर्स** — 15
- *बिहार आर्थिक सर्वेक्षण : 2020-21 (15)*
- *बिहार बजट : 2021-22 (16)*
- *बिहार घटनाक्रम (17)*
- *झारखंड घटनाक्रम (18)*
- *राष्ट्रीय घटनाक्रम (19)*
- *अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम (21)*
- *संवैधानिक/प्रशासनिक घटनाक्रम (22)*
- *भारत एवं विश्व (22)*
- *आर्थिक घटनाक्रम (23)*
- *विज्ञान-प्रौद्योगिकी एवं रक्षा/प्रतिरक्षा (24)*
- *पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (25)*
- *संक्षिप्तियाँ (26)*
- *करेंट अफेयर्स टेस्ट (34)*

**बिहार : एक झलक** — 37
*(सामान्य परिचय)*

**झारखंड : एक झलक** — 50
*(सामान्य परिचय)*

**एग्ज़ाम पॉइंटर** — 63
*(सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषयवार महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन)*

**सामान्य हिन्दी** — 69
*संधि एवं संधि-विच्छेद (दूसरी कड़ी)*

**General English** — 71
*(Antonyms)*

**बेसिक मैथ्स** — 73
*संख्या पद्धति (भाग-2)*

**बेसिक रीज़निंग** — 76
*(कूटलेखन एवं कूटवाचन)*

**सॉल्व्ड पेपर** — 79
- *66th BPSC संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुन: परीक्षा-2020 (79)*
- *बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी (APO) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2020 (95)*

**मॉडल पेपर** — 105
*झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा-2021*

**GK पॉइंटर** — 110
*वह कोना जहाँ से एकदिवसीय परीक्षाओं में अक्सर प्रश्न पूछे जाते हैं...*

**कौन/क्या/कहाँ ?** — 111

दृष्टि The Vision




# घर बैठे IAS/PCS की संपूर्ण तैयारी करने के लिये आपका स्वागत है

# Drishti Learning App

## पर

GET IT ON Google Play

**अपने एंड्रॉयड फोन पर आज ही इंस्टॉल करें**

### ऐप की विशेषताएँ

- टीम दृष्टि द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएँ एक ही मंच पर।
- ऑनलाइन, पेनड्राइव मोड में कक्षाएँ उपलब्ध।
- प्रिलिम्स और मेन्स की टेस्ट सीरीज़ भी ऐप के माध्यम से उपलब्ध।
- सभी पुस्तकें, मैगज़ीन, डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम के नोट्स देखने व मंगवाने की सुविधा।

### ऑनलाइन कोर्स की विशेषताएँ

- घर बैठे देश के सर्वोत्कृष्ट अध्यापकों से पढ़ने की सुविधा।
- अब दिल्ली या किसी बड़े शहर जाकर पढ़ने की मजबूरी नहीं।
- IAS और PCS के कोर्स उपलब्ध।
- ऑनलाइन कोर्स करने के बाद, क्लासरूम कोर्स में प्रवेश लेने पर शुल्क में विशेष छूट।
- हर क्लास अपनी सुविधा से 3 बार देखने की सुविधा।
- उत्तर लिखकर चेक कराने तथा संदेह-समाधान की व्यवस्था भी शीघ्र उपलब्ध।
- कई विषयों के कोर्स ऑनलाइन और पेनड्राइव मोड में भी उपलब्ध।

**दृष्टि आई.ए.एस. (दिल्ली शाखा) का पता**
641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-09
**8448485519, 87501 87501, 011-47532596**

**दृष्टि आई.ए.एस. (प्रयागराज शाखा) का पता**
ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज
**8448485518, 8750187501, 8929439702**

**दृष्टि आई.ए.एस. (राजस्थान शाखा) का पता**
प्लॉट नंबर-45 व 45-A, हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड़, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर राजस्थान-302018
**8448485518, 8750187501, 8929439702**

# संपादक की कलम से...



## क्योंकि ज़रूरत से कम या ज़्यादा आत्मविश्वास घातक होता है...

आपने देखा होगा कि कुछ लोग कोई भी काम पूरे आत्मविश्वास से करते हैं। आप उन्हें कोई भी चुनौती देंगे तो वे खुश होकर उसे स्वीकार करेंगे। कठिन-से-कठिन परिस्थिति में भी उन्हें घबराहट नहीं होती। ऐसे लोगों की पूरे ज़माने पर धाक होती है। कुछ लोग तो यहाँ तक कहते हैं कि दुनिया का इतिहास और कुछ नहीं है, वह सिर्फ उन मुट्ठी भर लोगों की कहानी है, जिन्हें खुद पर यकीन था। दूसरी तरफ, आपका सामना ऐसे लोगों से भी पड़ा होगा, जो हमेशा आत्मविश्वास के अभाव से जूझते नज़र आते हैं। वे चाहते हैं कि वे हमेशा बने-बनाए रास्तों पर चलते रहें और उनके जीवन में किसी भी तरह के जोखिम का स्थान न हो। ऐसे लोगों के नाम इतिहास में दर्ज नहीं होते। कोई नहीं चाहता कि उसका व्यक्तित्व इसी तरह का आत्मविश्वास-रहित व्यक्तित्व हो।

दरअसल आत्मविश्वास का संबंध 'स्व' या 'Self' की अवधारणा से है। 'सेल्फ' की धारणा मनोविज्ञान का एक महत्त्वपूर्ण प्रसंग है, जिसका सरल अर्थ है कि व्यक्ति की स्वयं अपने बारे में क्या राय है? सीधा-सा नियम है कि अगर व्यक्ति की अपने बारे में राय अत्यंत सकारात्मक होगी तो वह आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा और अगर खुद उसकी राय अपने बारे में सकारात्मक नहीं होगी तो वह आत्मविश्वास की कमी से जूझेगा। इसलिये किसी भी व्यक्ति के आत्मविश्वास के स्तर को समझना हो तो उसके 'सेल्फ कंसेप्ट' या 'सेल्फ इमेज' को समझने की कोशिश करनी चाहिये।

ज़्यादा महत्त्वपूर्ण सवाल यही है कि व्यक्ति की 'सेल्फ' की धारणा कैसे बनती है? इस संबंध में प्रसिद्ध समाजशास्त्री चार्ल्स हटन कूले का एक अत्यंत रोचक कथन है- *"मैं वह नहीं हूँ जो मैं समझता हूँ कि मैं हूँ; मैं वह भी नहीं हूँ जो तुम समझते हो कि मैं हूँ; मैं वह हूँ जो मैं समझता हूँ कि तुम समझते हो कि मैं हूँ।" (I am not what I think I am; I am not what you think I am; I am what I think you think I am)*। इस भूल-भुलैया जैसे कथन का सरल अर्थ यह है कि मेरी अपने बारे में छवि या धारणा इस बात से तय नहीं होती कि मैं अपने बारे में क्या सोचता हूँ। वह इस बात से भी तय नहीं होती कि बाकी लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, क्योंकि मैं वस्तुनिष्ठ रूप से यह जान ही नहीं सकता कि कोई दूसरा व्यक्ति मेरे बारे में क्या सोचता है। अपनी नज़र में मेरी छवि इस आधार पर बनती है कि मुझे दूसरों की निगाह में अपने प्रति कैसा भाव नज़र आता है? अगर मुझे लगता है कि अधिकांश लोग मेरा सम्मान करते हैं तो मेरी नज़रों में भी मेरा सम्मान बढ़ जाएगा और यदि मुझे लगा कि अधिकांश लोग मुझे महत्त्व नहीं देते हैं तो धीरे-धीरे मैं भी खुद को महत्त्वहीन समझने लगूंगा और अल्प-आत्मविश्वास का शिकार हो जाऊंगा।

यहाँ दो और अवधारणाओं को समझने की ज़रूरत है, जिन्हें 'सिग्निफिकेंट अदर्स' तथा 'जनरलाइज़्ड अदर्स' कहते हैं। इनसे पता चलता है कि व्यक्ति की 'सेल्फ इमेज' बनाने में किसी व्यक्ति का कितना योगदान होता है। गौरतलब है कि किसी भी व्यक्ति की निगाह में सभी संबंधित व्यक्तियों का बराबर महत्त्व नहीं होता। कुछ लोग उसके लिये बेहद खास होते हैं, जिनकी नज़रों में गिरना वह बर्दाश्त नहीं कर सकता; जिनकी नज़रों में उठने के लिये वह एड़ी-चोटी का ज़ोर लगाने को तैयार रहता है। इन व्यक्तियों को 'सिग्निफिकेंट अदर्स' कहा जाता है। दूसरी ओर, तमाम ऐसे लोग भी हमारी ज़िंदगी का हिस्सा होते हैं, जिनकी राय हमारे लिये महत्त्व नहीं रखती। हमें इस बात से फर्क ही नहीं पड़ता कि वे हमारे बारे में अच्छा सोचते हैं या बुरा। इन व्यक्तियों को 'जनरलाइज़्ड अदर्स' कहते हैं। कहने की ज़रूरत नहीं कि व्यक्ति के आत्मविश्वास का स्तर मोटे तौर पर इस बात से तय होता है कि 'सिग्निफिकेंट अदर्स' की उसके बारे में क्या धारणा है?

हमें दो प्रयास निरंतर करने चाहियें- पहला तो यह कि हम अपनी 'सेल्फ इमेज' को न बिगड़ने दें, ताकि अति-आत्मविश्वास या अल्प-आत्मविश्वास हम पर हावी न हो; और दूसरा यह कि जब कभी विकृत 'सेल्फ इमेज' से जूझ रहे व्यक्ति को देखें तो अपने स्तर पर थोड़ी-बहुत ऐसी कोशिश ज़रूर करें, जिससे वह विकृति समाप्त या कम हो जाए। अल्प-आत्मविश्वास से जूझ रहे व्यक्ति की बार-बार प्रशंसा करें, ताकि आपकी आँखों में अपना सम्मान देखकर उसे खुद पर भरोसा जमने लगे; और अति-आत्मविश्वास से युक्त व्यक्ति को चोट पहुँचाए बिना थोड़ा-बहुत उन चुनौतियों का अहसास कराएँ, जिनसे अभी तक उसका सामना नहीं हुआ है और इसी वजह से वह हवा में उड़ रहा है।

अपने आत्मविश्वास को सही स्तर पर बनाए रखना भी ज़रूरी है, क्योंकि बिना आत्मविश्वास के कोई बड़ा काम संभव नहीं है। बस यह ध्यान रहे कि आत्मविश्वास ज़रूरत से ज़्यादा न हो। इसका उपाय यह है कि कभी-कभी अपने से श्रेष्ठ व्यक्तियों से मिलते रहें, कुछ महान लोगों की जीवनियाँ पढ़ते रहें, ताकि उनकी महानता की तुलना में अपनी लघुता का अहसास बना रहे। कभी-कभी अपने से कमतर व्यक्तियों के साथ भी तुलना करते रहना चाहिये (उन्हें बताए बिना), ताकि अपनी क्षमताओं पर भरोसा भी बना रहे। एक अच्छा उपाय यह भी है कि व्यक्ति ईमानदारी से अपनी डायरी लिखे जिसमें वह सहज होकर खुद से बात कर सके- अपनी कमज़ोरियाँ भी स्वीकार कर सके और अपनी उपलब्धियों पर इतरा भी सके।

एक छोटी-सी पर महत्त्वपूर्ण बात यह भी है कि व्यक्ति का आत्मविश्वास सभी क्षेत्रों में बराबर विभाजित नहीं होता। बहुत संभव है कि छोटे समूह में अपनी धाक जमाने वाला व्यक्ति बड़े समूह के सामने घबराहट का शिकार हो जाए या किसी खेल का चैंपियन मानवीय संबंधों की दुनिया समझने के मामले में धूल चाटने लगे। किसी को किसी खास विषय पर आत्मविश्वास से भरा देखकर डरना नहीं चाहिये, क्योंकि हो सकता है कि जिस क्षेत्र में आपके पास आत्मविश्वास है, उस क्षेत्र में वह आपके सामने पिद्दी साबित हो।

*शुभकामनाओं सहित,*

*(डॉ. विकास दिव्यकीर्ति)*

दृष्टि The Vision

## प्रिलिम्स प्रैक्टिस सीरीज़ की पुस्तकें




## Quick Book सीरीज़ की पुस्तकें




**आपके नज़दीकी बुक स्टॉल,**
**दृष्टि लर्निंग ऐप एवं drishtiias.com पर उपलब्ध**

**विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें 8448485516, 87501-87501, 011-47532596**



# टॉपर से बातचीत

## प्रभाकर कुमार

### BPSC-60-62वीं परीक्षा में SDM पद पर चयनित

**टॉपर का परिचय**

**नामः** प्रभाकर कुमार

**पिता का नामः** राजीव प्रसाद सिंह

**माता का नामः** श्रीमती पूनम देवी

**जन्मतिथिः** 04 मई, 1992

**शैक्षिक योग्यताएँः**

10th (71%)- 2007, Bihar Board

12th (62%)- 2009, Bihar Board

स्नातक (65%)-2013, Economics (H) LNMU, Darbhanga

परास्नातक (59%), 2017 NOU, Patna

**पूर्व चयनः** कोषागार पदाधिकारी (बि.ले.से.) बिहार सचिवालय (2018)

**आदर्श व्यक्तित्वः** छोटे चाचाजी (CA Dhananjay Prasad Singh)

**व्यक्तित्व के सकारात्मक पक्षः** आत्मविश्वास, दृढ़ निश्चय

**व्यक्तित्व के नकारात्मक पक्षः** थोड़ा भावुक

**रुचियाँः** बच्चों को मोटिवेट करना, प्राकृतिक मनोरम स्थानों का भ्रमण

***परिणाम से संबंधित कुछ जानकारियाँ***

**परीक्षा का नामः** BPSC (60-62th)

**अनुक्रमांकः** 137301

**रैंकः** 106th

**परीक्षा का माध्यमः** हिंदी

**प्रयास संख्याः** पहला

**दृष्टि बिहार व झारखंड करेंट अफेयर्सः बी.पी.एस.सी. परीक्षा में उच्च रैंक पर चयनित होने पर आपको 'दृष्टि बिहार व झारखंड करेंट अफेयर्स' की ओर से हार्दिक बधाई। चयनित होकर आपको कैसा लग रहा है?**

**प्रभाकर कुमारः** जी बहुत-बहुत धन्यवाद। चयनित होकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: क्या इस परीक्षा में सफल होना ही आपके जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य था? यदि नहीं, तो आगे आपकी निगाह किन उद्देश्यों पर लगी है?**

**प्रभाकरः** जी नहीं। जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य आई.ए.एस. बनना था तथा मैं इस पर लगा भी हूँ।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: सिविल सेवाओं में ऐसा क्या है कि लाखों युवा इनकी ओर आकर्षित होते हैं? आपके लिये इन सेवाओं में जाने का क्या आकर्षण था?**

**प्रभाकरः** यह सही है कि आज हरेक क्षेत्र में अच्छे अवसर उपलब्ध हैं, लेकिन सिविल सेवाओं के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। इसका कारण कार्य का विस्तृत क्षेत्र तथा आम जनता से प्रत्यक्ष जुड़ाव आदि है।

मेरे लिये इस सेवा में जाने के पीछे सामाजिक प्रतिष्ठा, जन-कल्याण में सीधी भागीदारी, कार्यक्षेत्र की विविधता आदि कारण थे।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: अक्सर कहा जाता है कि एक-डेढ़ वर्ष तक कठोर मेहनत करने के बाद भी इस परीक्षा की तैयारी संतोषजनक तरीके से पूरी नहीं हो पाती। क्या यह सच है? क्या आप अपनी तैयारी से संतुष्ट थे एवं सफलता के प्रति आशावान थे?**

**प्रभाकरः** जी नहीं। अगर सिलेबस की सही ढंग से गहनतापूर्वक तैयारी की जाए तो एक वर्ष का समय तैयारी के लिये पर्याप्त होता है।

मैं अपनी तैयारी से पूर्णतः संतुष्ट था तथा इस सफलता के लिये आशान्वित था।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: यूँ तो कोई भी सफलता कई कारकों पर निर्भर होती है, पर हर सफल व्यक्ति के पास कुछ विशेष सूत्र होते हैं। आपकी सफलता के मूल में कौन-से सूत्र रहे?**

**प्रभाकरः** मेरी सफलता के कई सूत्र थे, जो निम्न हैं-

- पाठ्यक्रम की सही समझ।
- विगत वर्षों के प्रश्नों को सही ढंग से हल करना।
- टेस्ट सीरीज़ एवं सामूहिक वार्तालाप के द्वारा विषयों की समझ को बेहतर करना।
- सतत् मेहनत, लगन तथा आत्मविश्वास।
- समसामयिक घटनाक्रमों से अद्यतन रहना।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: अपनी योग्यता और परिश्रम के अलावा आप अपनी सफलता का श्रेय किन्हें देना चाहेंगे?**

**प्रभाकरः** सर्वप्रथम मैं ईश्वर को धन्यवाद देता हूँ। मेरी इस सफलता में मेरे सारे गुरुजनों एवं परिजनों का योगदान रहा। खासकर मेरे छोटे चाचाजी सीए धनंजय प्रसाद सिंह का योगदान सर्वप्रमुख रहा। इसके अलावा डॉ. पी.सी. वर्मा, राकेश सर, मेरे कुछ मित्रों, खासकर शरद जी, अशोक जी तथा अभिषेक जी का योगदान प्रमुख रहा है।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: आपका वैकल्पिक विषय क्या था? क्या आपने इसकी पढ़ाई स्नातक या आगे के स्तर पर की थी? यदि नहीं, तो इसके चयन का आधार क्या था?**

**प्रभाकरः** मेरा वैकल्पिक विषय अर्थशास्त्र था। चूँकि मैं इस विषय में परास्नातक एवं UGC (NET) क्वालिफाइड था, इसलिये यह विषय मेरी स्वाभाविक रुचि में शामिल था।

**दृ.बि.व झा.क.अ.: कई लोग कहते हैं कि कुछ वैकल्पिक विषय दूसरे विषयों की तुलना में छोटे, आसान व अधिक अंकदायी होते हैं और इसीलिये वे ज़्यादा लोकप्रिय होते हैं। आपकी राय में क्या यह बात ठीक है? क्या आपने वैकल्पिक विषय के चयन में उसकी लोकप्रियता को भी आधार बनाया था?**

**प्रभाकरः** मुझे ऐसा नहीं लगता। यदि आपको विषय की अच्छी समझ है एवं उसके लिये पर्याप्त

# आगामी परीक्षाएँ

| परीक्षा का नाम | आयोग/बोर्ड | कुल पद | चयन प्रक्रिया (प्रारूप/प्रणाली) | आगामी परीक्षा प्रारूप | परीक्षा/परीक्षण तिथि (घोषित/संभावित) |
|---|---|---|---|---|---|
| बिहार पुलिस कॉन्स्टेबल रिक्रूटमेंट-2020 | CSBC | 8415 | प्रारंभिक, शारीरिक योग्यता/दक्षता परीक्षा | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | 14 और 21 मार्च 2021 |
| 31वीं बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 221 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | मुख्य (लिखित) | मार्च 2021 |
| 66th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 731 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | मुख्य (लिखित) | मार्च 2021 |
| JPSC संयुक्त असैनिक सेवा (बैकलॉग) नियुक्ति परीक्षा-2017 | JPSC | 10 | प्रारंभिक, मुख्य एवं साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | 25/4/2021 |
| बिहार पंचायत अंकेक्षक सेवा-2020 | BPSC | 373 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | अप्रैल 2021 |
| 65th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा | BPSC | 434 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | साक्षात्कार | अप्रैल 2021 |
| **JPSC संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा-2021** | **JPSC** | **252** | **प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार** | **प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ)** | **02 मई, 2021** |
| 66th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 731 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | साक्षात्कार | अगस्त 2021 |
| 67th BPSC संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2021 | BPSC | — | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | अक्तूबर 2021 |
| सहायक अभियोजन अधिकारी प्रतियोगिता परीक्षा-2020 | BPSC | 553 | प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार | मुख्य (लिखित) | अभी निर्धारित नहीं |
| AMIN रिक्रूटमेंट-2020 | BCECEB | 40 | ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| बिहार पुलिस होमगार्ड-2020 | CSBC | 551 | लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा | शारीरिक दक्षता | अभी निर्धारित नहीं |

**BPSC** - Bihar Public Service Commission.
**BCECEB**- Bihar Combined Entrance Competitive Examination Board.
**JPSC** - Jharkhand Public Service Commission.
**CSBC** - Central Selection Board of Constable.

**नोटः- परीक्षा तिथि एवं पदों की संख्या में आयोग द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।**

दृष्टि The Vision

## NCERT सीरीज़ की पुस्तकें




## मेन्स कैप्सूल सीरीज़ की पुस्तकें




**आपके नज़दीकी बुक स्टॉल,**
**दृष्टि लर्निंग ऐप एवं drishtiias.com पर उपलब्ध**

**विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें 8448485516, 87501-87501, 011-47532596**

# परीक्षा की रणनीति



## BPSC मुख्य परीक्षा

मुख्य परीक्षा किसी भी राज्य सेवा परीक्षा का अत्यंत महत्त्वपूर्ण चरण होता है। इस परीक्षा की सुनियोजित ढंग से की गई तैयारी न केवल आपकी सफलता को सुनिश्चित करती है बल्कि आपके रैंक का भी निर्धारण करती है। परीक्षा के बदलते पैटर्न एवं बढ़ती प्रतिस्पर्द्धाओं के कारण आम तौर पर अभ्यर्थियों को इस बात का डर हमेशा बना रहता है कि परीक्षा के इस महत्त्वपूर्ण चरण को कैसे क्रैक किया जाए। सटीक रणनीति न होने के कारण अक्सर यह देखा गया है कि कई अभ्यर्थी राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में क्वालीफाई करने के बाद भी या तो मुख्य परीक्षा नहीं देते हैं या अनमने ढंग से परीक्षा में शामिल होने की खानापूर्ति भर करते हैं। जबकि ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहाँ एकदिवसीय परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र भी अधीनस्थ एवं PCS परीक्षाओं में सफल हुए हैं। कई अधीनस्थ एवं एकदिवसीय परीक्षाओं में निचले स्तर पर चयनित अभ्यर्थियों के उच्च पदों जैसे- एसडीएम/डीएसपी आदि बनने की खबरें आती रहती हैं। स्पष्ट है, कि अगर परीक्षा की प्रकृति के अनुरूप एक उचित एवं गतिशील रणनीति बनाई जाए तो सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पिछले अंक में हमने BPSC 'प्रारंभिक परीक्षा' रणनीति पर चर्चा की थी। इस अंक के अंतर्गत 'मुख्य (लिखित) परीक्षा' की रणनीति पर चर्चा की जा रही है।

### परीक्षा की प्रकृति

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा तीन चरणों में संपन्न होती है। प्रतियोगी की गंभीरता, परिपक्वता एवं योग्यता को परखने के लिये तीनों ही चरणों की प्रकृति अलग-अलग होती है।

- **प्रथम चरण :** प्रारंभिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकृति)
- **द्वितीय चरण :** मुख्य परीक्षा (लिखित/वर्णनात्मक प्रकृति)
- **तृतीय चरण :** साक्षात्कार (मौखिक प्रकृति)

**मुख्य परीक्षा प्रारूप**

| प्रश्नपत्र | कुल अंक | परीक्षा की अवधि |
|---|---|---|
| सामान्य हिन्दी* | 100 | 3 घंटे |
| सामान्य अध्ययन-I | 300 | 3 घंटे |
| सामान्य अध्ययन-II | 300 | 3 घंटे |
| वैकल्पिक विषय | 300 | 3 घंटे |
| **कुल अंक** = 900 | | |

***नोट:** यह प्रश्नपत्र क्वालीफाइंग प्रकृति का होता है। इसमें अभ्यर्थी को न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं। इन अंकों को अंतिम मेधा सूची के निर्धारण में शामिल नहीं किया जाता है।

### मुख्य परीक्षा की प्रक्रिया

- बीपीएससी की मुख्य परीक्षा सामान्यत: चार से पाँच दिन तक चलती है। यह परीक्षा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर, सामान्यत: राजधानी पटना में, आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में कुल चार प्रश्नपत्रों की परीक्षा होती है- सामान्य हिन्दी, सामान्य अध्ययन-I, सामान्य अध्ययन-II तथा वैकल्पिक विषय का एक प्रश्नपत्र। प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिये अभ्यर्थियों को 3 घंटे का समय मिलता है।
- सामान्य अध्ययन के दोनों प्रश्नपत्रों तथा वैकल्पिक विषय के प्रश्नपत्र में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के लिये चयन (शॉर्टलिस्टिंग) किया जाता है। उल्लेखनीय है कि सामान्य अध्ययन के दोनों प्रश्नपत्र (प्रत्येक 300 अंक) तथा वैकल्पिक विषय (300 अंक) को मिलाकर कुल 900 अंक की मुख्य परीक्षा होती है। अत: इस चरण में सामान्य अध्ययन की महत्ता सर्वाधिक है।

### मुख्य परीक्षा की रणनीति

- बीपीएससी की मुख्य परीक्षा की प्रकृति वर्णनात्मक (Descriptive) होने के कारण इसकी तैयारी की रणनीति प्रारंभिक परीक्षा से अलग होती है। इसलिये यह आवश्यक हो जाता है कि सभी विषयों पर अवधारणात्मक एवं विश्लेषणात्मक जानकारी सुदृढ़ करते हुए समग्र रणनीति बनाई जाए।
- मुख्य परीक्षा के संपूर्ण पाठ्यक्रम की सटीक तैयारी एवं अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु आवश्यक है कि पाठ्य-सामग्री को रटने की बजाय उसका वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ अध्ययन किया जाए। वैकल्पिक विषय एवं सामान्य अध्ययन के संदर्भ में अपने लेखन कौशल एवं विश्लेषणात्मक क्षमताओं पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इसके साथ ही पारंपरिक विषयों को समसामयिक मुद्दों के साथ जोड़कर विश्लेषणात्मक समझ विकसित करें तथा प्रतिदिन एक-एक उत्तर लिखने का प्रयास करें। इसके अलावा अगर सहज हों तो प्रयास करें कि प्रमुख टॉपिक के शॉर्ट नोट्स भी साथ-साथ बनाते चलें। यह अंतिम दिनों में क्विक रिवीज़न के लिये काफी महत्त्वपूर्ण होता है।
- सामान्य हिन्दी में क्वालीफाइंग अंक (न्यूनतम 30%) प्राप्त करने के लिये हिन्दी के व्याकरण खंड की समझ, संक्षिप्त सार, अपठित गद्यांश तथा निबंध इत्यादि की अच्छी जानकारी आवश्यक है। इसके लिये आप दृष्टि BPSC बुक सीरीज़ की 'सामान्य हिन्दी व निबंध' पुस्तक का अध्ययन कर सकते हैं।
- सामान्य अध्ययन के **प्रथम प्रश्नपत्र** के पाठ्यक्रम में भारत का आधुनिक इतिहास और भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के वर्तमान घटनाक्रम, सांख्यिकीय विश्लेषण, आरेखन व चित्रण इत्यादि शामिल हैं।
- भारत का आधुनिक इतिहास और भारतीय संस्कृति का अध्ययन बिहार राज्य विशेष के संदर्भ में करना प्रासंगिक है, क्योंकि, इनसे संबंधित ज़्यादातर प्रश्न बिहार से जुड़े हुए होते हैं। इसके लिये आप दृष्टि BPSC बुक सीरीज़ की 'बिहार, भारत का इतिहास तथा कला संस्कृति' पुस्तक का अध्ययन कर सकते हैं।
- राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के वर्तमान घटनाक्रम के अध्ययन के लिये समसामयिक घटनाक्रम का विस्तृत अध्ययन लाभदायक रहेगा। इसके लिये 'दृष्टि बिहार व झारखंड करेंट अफेयर्स' मासिक पत्रिका के अध्ययन के साथ-साथ दृष्टि वेबसाइट, दृष्टि यूट्यूब चैनल के अतिरिक्त दृष्टि लर्निंग ऐप से जुड़ सकते हैं।

# फटाफट न्यूज़

- 25-28 फरवरी, 2021 तक बिहार के किस ज़िले में उद्यान महोत्सव का आयोजन किया गया– **पटना**
- हाल ही में झारखंड के बोकारो ज़िले का वह खिलाड़ी जिसे भारतीय बॉस्केटबॉल टीम में शामिल किया गया है– **राजीव कुमार**
- हाल ही में झारखंड सरकार द्वारा मनेरगा मज़दूरों की न्यूनतम मज़दूरी निर्धारित की गई है– **₹ 225**
- हाल ही में बिहार के किस स्थान पर राज्य का पहला खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने का निर्णय बिहार सरकार ने लिया है– **राजगीर (नालंदा)**
- झारखंड का वह ज़िला, जहाँ हाल ही में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण विभाग को खुदाई के दौरान पालवंशकालीन भगवान बुद्ध की छह प्रतिमाएँ मिली हैं– **हज़ारीबाग**
- बिहार आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार बिहार में सर्वाधिक व न्यूनतम विद्युत खपत करने वाले ज़िले हैं– **क्रमश: पटना व शिवहर**
- बिहार बजट 2021-22 के अनुसार सात निश्चय योजना भाग-2 में आवंटित धनराशि है– **₹4671 करोड़**
- हाल ही में जल निकायों (Water Bodies) को गजेटियर में प्रकाशित करने वाला देश का पहला राज्य बना है– **बिहार**
- फरवरी 2021 में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली झारखंड की पहली महिला एथलीट बनी हैं– **सुप्रीति कच्छप**
- फरवरी 2021 में म्यूनिसिपल बॉण्ड लॉन्च करने वाला झारखंड का पहला नगर निगम है– **राँची नगर निगम**
- फरवरी 2021 में जारी नवीनतम आँकड़ों के अनुसार देशी व विदेशी पर्यटकों की संख्या के आधार पर झारखंड का क्रमश: स्थान है– **9वाँ व 16वाँ**
- 19 फरवरी, 2021 को धनेश्वर भगत का निधन हो गया। वे झारखंड के किस आंदोलन से संबंधित थे– **झारखंड पृथक् आंदोलन**
- हाल ही में झारखंड के किस शहर से झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की औपचारिक शुरुआत की गई है– **जामताड़ा**
- हाल ही में बीसीसीआई ने मार्च 2021 में खेले जाने वाले भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज़ के लिये झारखंड क्रिकेट टीम के किस खिलाड़ी को भारतीय टीम में शामिल करने की घोषणा की है– **ईशान किशन**
- हाल ही में बिहार के किस पूर्व मुख्यमंत्री की जीवनी पर आधारित वेब सीरीज़ बनाने की शुरुआत की गई है– **कर्पूरी ठाकुर**
- बिहार का वह ज़िला, जो नवीनतम आँकड़ों के अनुसार नौकरी के लिये विदेश जाने वालों के मामले में प्रथम स्थान पर है– **सिवान**
- 16 फरवरी, 2021 को बिहार के किस पूर्व राज्यपाल का निधन हो गया– **एम. रामाजोइस**
- हाल ही में बिहार में पासपोर्ट वेरिफिकेशन के काम को सरल और पारदर्शी बनाने के लिये किस ऐप को लॉन्च करने का निर्णय लिया गया है– **एम. पासपोर्ट**
- फरवरी 2021 में बिहार सरकार ने राज्य में पराली जलाने वाले किसानों को कितने वर्षों के लिये राज्य की सभी सरकारी योजनाओं से वंचित करने का निर्णय लिया है– **3 वर्षों के लिये**
- हाल ही में बिहार के किस वन्यजीव अभयारण्य को चिड़ियाघर में विकसित करने का निर्णय बिहार सरकार ने लिया है– **उदयपुर वन्यजीव अभयारण्य (पश्चिमी चंपारण)**
- फरवरी, 2021 में उत्तर भारत का पहला आदर्श एड्स परामर्श एवं जाँच केंद्र बनकर तैयार हुआ– **पूर्णिया में**
- हाल ही में जलवायु परिवर्तन पर विश्व के पहले भोजपुरी पॉडकास्ट की शुरुआत की गई– **पटना में**
- फरवरी 2021 में झारखंड सरकार द्वारा किस जाति को अनुसूचित जाति में शामिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है– **चांय (केवट, मल्लाह व निषाद) जाति**
- फरवरी 2021 में झारखंड सरकार ने राज्य में किस स्थान पर झारखंड उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित करने का निर्णय लिया है– **दुमका**
- 13-14 फरवरी, 2021 के मध्य अंतर्राष्ट्रीय रेस वाक का आयोजन किया गया– **राँची (झारखंड) में**
- 11-12 फरवरी, 2021 के मध्य आदिवासी महाकुंभ विकास मेला का आयोजन किया गया– **दुबियाखांड़ (पलामू, झारखंड) में**
- फरवरी 2021 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किस प्रकार की उपज को कृषि का दर्ज़ा देते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की घोषणा की है– **लाह की खेती**
- झारखंड की वह महिला खिलाड़ी, जिसने 6-10 फरवरी, 2021 के बीच गुवाहाटी (असम) में आयोजित 36वीं जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 'बाल थ्रो' स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीता– **अनीशा कुमारी (झारखंड)**
- हाल ही में 36वीं जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता की ओवरऑल पदक तालिका में झारखंड का स्थान रहा– **दसवाँ**
- फरवरी 2021 में, झारखंड सरकार ने किस ज़िले को सिल्क सिटी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है– **दुमका**
- 5 फरवरी, 2021 को झारखंड सरकार के विस्तारित मंत्रिमंडल में खेल एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बने हैं– **हफीज़ूल हसन**
- हाल ही में संपन्न हुए 20वीं झारखंड राज्य सीनियर वालीबॉल प्रतियोगिता में किस ज़िले के महिला टीम को चैंम्पियन घोषित किया गया है– **राँची**
- बिहार के किस ज़िले में राज्य के प्रथम रबड़ डैम का निर्माण करने की घोषणा की गई है– **गया**
- हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बनहोरा (राँची) में किस एक विशेष समुदाय के अतिथि गृह का उद्घाटन किया– **ताना भगत समुदाय**
- फरवरी 2021 में झारखंड का कौन-सा ज़िला तसर/टसर रेशम उत्पादन में देश का अग्रणी ज़िला बन गया है– **दुमका**

# करेंट अफेयर्स

## बिहार आर्थिक सर्वेक्षण : 2020-21

### बिहार की अर्थव्यवस्थाः एक अवलोकन

- सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) स्थिर मूल्य पर बिहार की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2019–20 में 10.5 प्रतिशत थी।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 में बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर ₹ 6,11,804 करोड़ और 2011–12 के स्थिर मूल्य पर ₹ 4,14,977 करोड़ था। वित्तीय वर्ष 2019–20 में बिहार का निवल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर ₹ 5,62,710 करोड़ और 2011–12 के स्थिर मूल्य पर ₹3,77,276 करोड़ था।
- वित्तीय वर्ष 2019-20 में बिहार में प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद वर्तमान मूल्य पर ₹ 50,735 और 2011–12 के स्थिर मूल्य पर ₹34,413 था।
- तीन प्रमुख क्षेत्रों में प्राथमिक क्षेत्र के हिस्से में लगातार गिरावट आई है, जो 2013–14 के 23.4 प्रतिशत से घटकर 2019–20 में 19.5 प्रतिशत रह गया। वहीं, द्वितीयक क्षेत्र के हिस्से में मामूली बदलाव आया है, जो 2013–14 के 19.3 प्रतिशत से बढ़कर 2019–20 में 20.3 प्रतिशत हो गया। लेकिन, तृतीयक क्षेत्र के हिस्से में निस्संदेह उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो 2013–14 के 57.3 प्रतिशत से बढ़कर 2019–20 में 60.2 प्रतिशत हो गया।
- प्रति व्यक्ति सकल ज़िला घरेलू उत्पाद (2017–18) आँकड़े पर सभी 38 ज़िलों की रैंकिंग से पता चलता है कि बिहार के तीन सबसे समृद्ध ज़िले पटना (₹ 1,12,604), बेगूसराय (₹ 45,540) और मुंगेर (₹ 37,385) हैं। दूसरी ओर, सबसे गरीब ज़िले किशनगंज (₹ 19,313) अररिया (₹ 18,981) और शिवहर (₹ 17,569) हैं।

### राजकीय वित्तव्यवस्था

- वित्तीय वर्ष 2019–20 में बिहार सरकार की कुल प्राप्तियाँ ₹ 1,53,408 करोड़ थीं, जो 2018–19 के ₹ 1,52,287 करोड़ की अपेक्षा कुछ अधिक हैं। बिहार में राज्य सरकार की राजस्व प्राप्तियाँ 2018–19 के ₹ 1,31,793 करोड़ से घटकर 2019–20 में ₹ 1,24,233 करोड़ रह गईं। वहीं, 2019–20 में राज्य सरकार की पूंजीगत प्राप्तियाँ 2018–19 के ₹ 20,494 करोड़ से बढ़कर ₹ 29,175 करोड़ हो गईं।
- बिहार में वित्तीय वर्ष 2019–20 में राज्य सरकार का कुल राजस्व ₹ 1,23,533 करोड़ और पूंजीगत व्यय ₹ 20,080 करोड़ था।
- बिहार वित्तीय वर्ष 2004–05 से ही लगातार राजस्व अधिशेष वाला राज्य रहा है। राज्य सरकार का यह राजस्व अधिशेष 2019–20 में भी बना रहा। हालाँकि, 2019–20 में अधिशेष 2018–19 के ₹6897 करोड़ से घटकर ₹699 करोड़ रह गया।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 में राजस्व व्यय ₹ 1,23,533 करोड़ और पूंजीगत व्यय ₹ 20,080 करोड़ था।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 में सकल राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.0 प्रतिशत था, जो 2018–19 के 2.7 प्रतिशत से कम है।

### कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्र

- वित्तीय वर्ष 2019–20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि और सहवर्ती क्षेत्र का हिस्सा 18.7 प्रतिशत था। बिहार में वित्तीय वर्ष 2019–20 में 163.80 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन का रिकॉर्ड दर्ज हुआ है।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 में पशुपालन का राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 6 प्रतिशत योगदान था। बिहार में दूध का कुल उत्पादन 6.07 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से 2015–16 के 82.88 लाख टन से बढ़कर 2019–20 में 104.83 लाख टन हो गया।
- वित्तीय वर्ष 2019–20 में अंडों का कुल उत्पादन 274.08 करोड़ हुआ।

### उद्यमिता क्षेत्र

- बिहार के सकल राजकीय मूल्यवर्द्धन (जीएसटीवी) में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान लगभग 20 प्रतिशत रहा है, जबकि इसका संपूर्ण भारत का औसत लगभग 31 प्रतिशत है।
- बिहार में 2007–08 से 2017–18 के बीच चालू कृषि आधारित कारखानों की वृद्धि दर 11.7 प्रतिशत रही है, जो संपूर्ण भारत के स्तर से 9.3 प्रतिशत थी। वहीं कृषीतर कारखानों के मामले में वृद्धि दर बिहार में 4.9 प्रतिशत थी और संपूर्ण भारत के स्तर पर 4.1 प्रतिशत थी।

### श्रम, नियोजन एवं प्रवास

- महिला श्रमिक जनसंख्या अनुपात ग्रामीण बिहार में 4.0 प्रतिशत था और शहरी बिहार में 5.7 प्रतिशत।
- ग्रामीण बिहार में निर्भरता अनुपात 61.1 प्रतिशत के उच्च स्तर पर है जो संपूर्ण भारत के औसत (49.5 प्रतिशत) से 11.6 प्रतिशत अंक अधिक है। वहीं, शहरी बिहार में निर्भरता अनुपात 52.8 प्रतिशत था, जो संपूर्ण भारत के औसत (40.5 प्रतिशत) से 12.3 प्रतिशत अंक अधिक था।

### मानव विकास

- पिछले छः वर्षों (2014–15 से 2019–20) में राज्य में प्रति व्यक्ति विकास व्यय में 17.9 प्रतिशत की दर से वृद्धि होती रही है, जबकि राष्ट्रीय औसत 11.6 प्रतिशत ही है।
- राज्य में शिक्षा पर व्यय की वृद्धि दर 17.3 प्रतिशत थी, जबकि स्वास्थ्य पर व्यय की वार्षिक वृद्धि दर 21.4 प्रतिशत रही है।
- वर्ष 2001 में बिहार में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) 4.4 जन्म प्रति महिला थी, जो 2011 में घटकर 3.6 रह गई।
- बिहार में जन्मकालीन जीवन संभाव्यता 2006–10 के 65.8 वर्ष से 2014–18 में 69.1 वर्ष हो गई।

### बाल विकास

- बिहार में 48 प्रतिशत आबादी 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग वाले बच्चों की हैं।
- 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग में बाल लिंग अनुपात 2001 के 883 से बढ़कर 2011 में 897 हो गया।
- बिहार में साक्षरता दर 2011 में 61.8 प्रतिशत थी, जो 2001 के 47.0 प्रतिशत से 14.8 प्रतिशत अंक अधिक थी।

# बिहार : एक झलक



## सामान्य परिचय




| | |
|---|---|
| उत्तर से दक्षिण की लंबाई | **345** किमी. |
| पूर्व से पश्चिम की लंबाई | **483** किमी. |
| राज्य की सीमा से लगे राज्य | **3** पश्चिम बंगाल (पूर्व), उत्तर प्रदेश (पश्चिम) तथा झारखंड (दक्षिण)। |
| राज्य की सीमा से लगा देश | नेपाल (उत्तर में) |
| नेपाल की सीमा से लगे ज़िले | **7** (पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया तथा किशनगंज) |

| | |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे ज़िले | **8** (रोहतास, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, सारण, सिवान, गोपालगंज तथा पश्चिमी चंपारण) |
| पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे ज़िले | **3** (किशनगंज, पूर्णिया तथा कटिहार।) |
| झारखंड की सीमा से लगे ज़िले | **8** (कटिहार, भागलपुर, बाँका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, तथा रोहतास।) |

# अभ्यास प्रश्न

## (विगत वर्षों की परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों पर आधारित)

1. मुंडा जनजाति के बीच सामूहिक खेती का प्रचलन था, जिसे जाना जाता था–
(a) विशिष्ट खेती (b) मिश्रित खेती
(c) रैंचिश खेती (d) खूंटकट्टी व्यवस्था

2. छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम पारित हुआ–
(a) 1903 (b) 1908
(c) 1907 (d) 1906

3. भारत में वहाबी आंदोलन के मुख्य प्रवर्तक थे–
(a) सैयद अहमद (b) विलायत अली
(c) इनायत अली (d) इनमें से कोई नहीं

4. बिहार में 1857 की क्रांति का नायक अथवा क्रांति का सफल नेतृत्व करने का श्रेय किसको दिया जाता है?
(a) अमर सिंह (b) निशान सिंह
(c) कुँवर सिंह (d) हरकिशन सिंह

5. बिहार में होमरूल लीग की स्थापना हुई थी–
(a) 28 अप्रैल, 1916 को (b) 16 दिसंबर, 1916 को
(c) 3 सितंबर, 1916 को (d) 14 अप्रैल, 1916 को

6. बिहार में होम रूल लीग की स्थापना पटना में किसके नेतृत्व में हुई थी?
(a) मौलाना मज़हरुल हक (b) सरफराज हुसैन
(c) चंद्रवंशी सहाय (d) कुँवर सिंह

7. बिहार का कौन-सा ज़िला महात्मा गांधी द्वारा भारत में चलाए गए सत्याग्रह से जुड़ा प्रथम स्थल था?
(a) मुज़फ्फरपुर (b) आरा
(c) चंपारण (d) इनमें से कोई नहीं

8. अंतर्राष्ट्रीय मुद्दे पर भारत में छेड़ा गया प्रथम आंदोलन था–
(a) चम्पारण सत्याग्रह (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन
(c) खिलाफत आंदोलन (d) इनमें से कोई नहीं

9. वहाबी आंदोलन था–
(a) मुस्लिम पुर्नउत्थानवादी आंदोलन
(b) हिंदू पुनरूत्थानवादी आंदोलन
(c) ज़मींदारों के विरुद्ध लड़ा गया आंदोलन
(d) इनमें से कोई नहीं

10. मुंडा जाति की खूँटकट्टी व्यवस्था को ब्रिटिश सरकार द्वारा कब मान्यता दी गई?
(a) 1903 में (b) 1904 में
(c) 1803 में (d) 1703 में

11. नील बगान मालिकों ने कितनी जमीन पर किसानों के लिये नील की खेती अनिवार्य कर दी–
(a) 20/3 वें हिस्से पर (b) 3/20 वें हिस्से पर
(c) एक तिहाई भूमि पर (d) एक चौथाई भूमि पर

12. बिहार में पहली बार गाँधीजी का आगमन कब हुआ–
(a) 1915 (b) 1916
(c) 1917 (d) 1918

13. बिहार विद्यापीठ की स्थापना की गई–
(a) 1917 (b) 1918
(c) 1920 (d) 1921

14. कुँवर सिंह जमींदार थे–
(a) हमीरपुर के (b) धीरपुर के
(c) जगदीशपुर के (d) रामपुर के

15. गाँधीजी द्वारा सविनय अवज्ञा आंदोलन कब प्रारंभ किया–
(a) 12 मार्च, 1930 (b) 6 अप्रैल, 1930
(c) 12 मार्च, 1931 (d) 6 अप्रैल, 1931

16. गाँधीजी द्वारा असहयोग आंदोलन कब वापस ले लिया गया–
(a) चंपारण सत्याग्रह के पश्चात् (b) चौरी-चौरा कांड के पश्चात्
(c) प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् (d) बंगाल विभाजन के पश्चात्

17. सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान कहाँ के जेल कैदियों ने विदेशी वस्त्र पहनने से इनकार कर नंगी हड़ताल की–
(a) छपरा (b) मुंगेर
(c) कटिहार (d) भगालपुर

18. चंपारण आंदोलन से कौन संबंधित नहीं था–
(a) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (b) अनुग्रह नारायण सिंह
(c) जे.पी. कृपलानी, (d) जयप्रकाश नारायण

19. बेगुसराय में चौकीदार कर के विरूद्ध आंदोलन एक हिस्सा था–
(a) असहयोग आंदोलन का (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन का
(c) भारत छोड़ों आंदोलन का (d) खिलाफत आंदोलन का

20. गौतम बुद्ध वन्यजीव अभयारण किस ज़िले में स्थित है–
(a) पश्चिमी चंपारण (b) भागलपुर
(c) गया (d) बेगुसराय

21. बिहार में 1857 की क्रांति की शुरुआत कब और कहाँ से हुई?
(a) 12 जून, 1857, देवघर (b) 13 जून, 1857, गया
(c) 25 जुलाई, 1857, मुज़फ्फरपुर (d) 18 जून, 1857, चंपारण

22. किस देश की सीमा बिहार से लगती है–
(a) नेपाल (b) भूटाल
(c) चीन (d) म्यांमार

23. निम्नलिखित में से चंपारण सत्याग्रह से संबंधित है–
(a) तिनकठिया पद्धति (b) खूँटकट्टी व्यवस्था
(c) कुँवर सिंह (d) सैयद अहमद

24. बिरसा आंदोलन हुआ था?
(a) 1888 - 1902 में (b) 1889-1902 में
(c) 1888 - 1900 में (d) 1899-1900 में

25. बिहार से संबंधित निम्नलिखित घटनाओं में से असत्य मेल को छाँटिए–
(a) बिरसा आंदोलन – बिरसा मुंडा
(b) वहाबी आंदोलन – सैयद अहमद
(c) 1857 की क्रांति के प्रमुख नायक – कुँवर सिंह
(d) होमरूल लीग की स्थापना – 14 दिसंबर 1916

**उत्तरमाला**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (c) | 5. (b) |
| 6. (a) | 7. (c) | 8. (c) | 9. (a) | 10. (a) |
| 11. (b) | 12. (c) | 13. (d) | 14. (c) | 15. (a) |
| 16. (b) | 17. (a) | 18. (d) | 19. (b) | 20. (c) |
| 21. (a) | 22. (a) | 23. (a) | 24. (d) | 25. (d) |

# झारखंड : एक झलक



## सामान्य परिचय

**स्थापना:** 15 नवंबर, 2000
**राजधानी:** राँची
**कुल ज़िले :** 24
**राज्य की लंबाई ( उत्तर से दक्षिण ) :** 380 कि.मी.
**राज्य की चौड़ाई ( पूर्व से पश्चिम ) :** 463 कि.मी.




| | |
|---|---|
| क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का देश में स्थान | **15वाँ** |
| प्रमंडलों की संख्या | **5** (उत्तरी छोटानागपुर, दक्षिणी छोटानागपुर, संथाल परगना, पलामू, कोल्हान) |
| राज्य का सबसे उत्तरी ज़िला | साहिबगंज |
| राज्य का सबसे दक्षिणी ज़िला | पश्चिमी सिंहभूम |
| राज्य का सबसे पश्चिमी ज़िला | गढ़वा |
| राज्य का सबसे पूर्वी ज़िला | पाकुड़ |
| राज्य से स्पर्श करने वाले राज्यों की संख्या | **5** (बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश) |

| | |
|---|---|
| बिहार से स्पर्श करने वाले झारखंड के ज़िले | **10** (साहिबगंज, गोड्डा, दुमका, देवघर, गिरिडीह, कोडरमा, हज़ारीबाग, चतरा, पलामू, गढ़वा) |
| उत्तर प्रदेश से स्पर्श करने वाले झारखंड का ज़िला | **1** (गढ़वा) |
| छत्तीसगढ़ से स्पर्श करने वाले झारखंड के ज़िले | **4** (गढ़वा, लातेहार, गुमला, सिमडेगा) |
| ओडिशा से स्पर्श करने वाले झारखंड के ज़िले | **4** (सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावाँ, पूर्वी सिंहभूम) |
| पश्चिम बंगाल से स्पर्श करने वाले झारखंड के ज़िले | **10** (पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावाँ, राँची, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, जामतारा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज) |

# अभ्यास प्रश्न

## (विगत वर्षों की परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्नों पर आधारित)

1. संथालों में गाँव के प्रधान को क्या कहते हैं?
   (a) महतो (b) पड़हा
   (c) मुखिया (d) माँझी
2. झारखंड में कुल प्रमंडलों की संख्या है–
   (a) 6 (b) 5
   (c) 7 (d) 8
3. राज्य का सबसे दक्षिणतम ज़िला है–
   (a) पश्चिमी सिंहभूम (b) साहेबगंज
   (c) सिमडेगा (d) पूर्वी सिंहभूम
4. राज्य की कुल लंबाई (उत्तर से दक्षिण) है–
   (a) 380 कि.मी. (b) 463 कि.मी.
   (c) 280 कि.मी. (d) 480 कि.मी.
5. झारखंड में यूरेनियम की खान जादूगुड़ा स्थित है–
   (a) पश्चिमी सिंहभूम (b) पूर्वी सिंहभूम
   (c) सिमडेगा (d) रामगढ़
6. झारखंड के किस ज़िला में डिमना झील स्थित है–
   (a) साहेबगंज (b) पाकुड़
   (c) पूर्वी सिंहभूम (d) राँची
7. तमाड़ विद्रोह किसके नेतृत्व में तथा किस सन् में हुआ था?
   (a) तिलका मांझी, 1783 (b) ठाकुर भोलानाथ सिंह, 1789
   (c) सबुल सिंह, 1798 (d) जनगन्नाथ पातर, 1795
8. तिलका मांझी चौक स्थित है–
   (a) भागलपुर में (b) राँची में
   (c) धनबाद में (d) छोटानागपुर में
9. चुआड़ विद्रोह की शुरुआत किस कारण से हुई थी?
   (a) अंग्रेज़ों द्वारा लगान बढ़ाए जाने के कारण।
   (b) ज़मींदारों द्वारा किसानों की ज़मीनें हड़पना।
   (c) अंग्रेज़ों के पक्षपातपूर्ण रवैये के कारण।
   (d) इनमें से कोई नहीं।
10. कोल विद्रोह हुआ था–
    (a) 1831-1832 (b) 1832-1833
    (c) 1833-1831 (d) 1832-1834
11. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
    (a) हो विद्रोह - 1820-1821
    (b) भूमिज विद्रोह - 1832-1833
    (c) चेरो विद्रोह - 1832-1833
    (d) संथाल विद्रोह - 1855-1856
12. बिरहोर जनजाति के मुखिया को कहा जाता है–
    (a) मांझी (b) पाहन
    (c) महतो (d) नाथा
13. संथाल विद्रोह को भारत की जनक्रांति किसने कहा?
    (a) कार्ल मार्क्स (b) एल.एस.एस.ओ. मूले
    (c) विल्किंसन (d) लेफ्टिनेंट बैंडन
14. संथाल विप्लव दिवस मनाया जाता है–
    (a) 31 जून को (b) 21 जून को
    (c) 21 जनवरी को (d) 30 जून को
15. गंगानारायण हंगामा किसे कहते हैं?
    (a) खखार आंदोलन (b) सफाहोड़ आंदोलन
    (c) उलगुलान विद्रोह (d) भूमिज विद्रोह
16. ताना भगत आंदोलन किस प्रकार का आंदोलन था?
    (a) राजनीतिक आंदोलन (b) आर्थिक आंदोलन
    (c) ज़मींदारों के खिलाफ आंदोलन
    (d) सांस्कृतिक आंदोलन
17. ढाका छात्र संघ की स्थापना की गई थी–
    (a) 1910 में (b) 1911 में
    (c) 1909 में (d) 1912 में
18. छोटानागपुर उन्नति संघ कहाँ स्थापित हुआ?
    (a) छोटानागपुर (b) राँची
    (c) धनबाद (d) इनमें से कोई नहीं।
19. 1939 में गठित आदिवासी महासभा के अध्यक्ष बने–
    (a) आर्च विशप (b) थेबेल उराँव
    (c) जयपाल सिंह (d) शिबु सोरेन
20. झारखंड पार्टी का गठन हुआ?
    (a) 1950 में (b) 1957 में
    (c) 1935 में (d) 1947 में
21. संथाल विद्रोह का दमन किया गया–
    (a) जे. बारथेलोमेन द्वारा (b) पॉल दयाल द्वारा
    (c) मेजर सिंपसन द्वारा (d) जनरल लॉयड द्वारा
22. महात्मा गांधी द्वारा "शेर-ए-छोटानागपुर" या "छोटानागपुर केसरी" उपनाम से पुकारा गया–
    (a) सुखदेव महतो को (b) रामनारायण सिंह को
    (c) अजित कुमार राय को (d) धासी सिंह को
23. 15 नवंबर, 2000 को भारत के संघीय पटल पर संवैधानिक रूप से झारखंड भारत का कौन-सा राज्य बना?
    (a) 28वाँ (b) 29वाँ
    (c) 26वाँ (d) 27वाँ
24. झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्थापना किसके द्वारा की गई?
    (a) शिबु सोरेन (b) रामनारायण सिंह
    (c) जयपाल सिंह (d) एम.के.राय
25. झारखंड क्षेत्र विकास परिषद् का गठन किया गया था–
    (a) 10 अगस्त, 1994 को (b) 9 अगस्त, 1994 को
    (c) 9 अगस्त, 1995 को (d) 5 अगस्त, 1995 को

**उत्तरमाला**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (a) | 5. (b) |
| 6. (c) | 7. (b) | 8. (a) | 9. (a) | 10. (a) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (d) | 15. (d) |
| 16. (d) | 17. (a) | 18. (b) | 19. (c) | 20. (a) |
| 21. (d) | 22. (b) | 23. (a) | 24. (a) | 25. (c) |

# एग्ज़ाम पॉइंटर

(सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषयवार महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन)

## भारतीय इतिहास

- हड्डी से निर्मित आभूषण भारत में मध्य पाषाण काल के संदर्भ में प्राप्त हुए हैं- ***महदहा (उ.प्र. के प्रतापगढ़ ज़िले में स्थित) से***
- सैंधव सभ्यता के महान स्नानागार के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं- ***मोहनजोदड़ो से***
- सल्तनत काल में सर्वप्रथम लोक निर्माण विभाग की स्थापना की थी- ***फिरोज़शाह तुगलक ने***
- ऋग्वेद में उल्लिखित वह देवता, जिसकी स्तुति में सबसे अधिक छंद हैं- ***इंद्र***
- खालसा पंथ की स्थापना तथा एक धर्माचार 'पाहुल' को चलाया था- ***गुरु गोबिंद सिंह ने***
- क्षिप्रा नदी के किनारे बसा वह नगर, जो चंद्रगुप्त द्वितीय की पश्चिमी राजधानी था- ***उज्जैन***
- भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के विस्तार के लिये 'सहायक संधि' का अनुसरण करने वाला गवर्नर जनरल था- ***लॉर्ड वेलेजली***
- वह अभिलेख, जिससे यह प्रमाणित होता है कि चंद्रगुप्त का प्रभाव पश्चिम भारत पर था, है- ***रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख***
- वह मुगल शासक, जिसने 'शाहरुख' नामक चांदी का सिक्का चलाया था- ***बाबर***
- रॉलेट एक्ट पारित होने के समय भारत का वायसराय था- ***लॉर्ड चेम्सफोर्ड***
- 1857 के विद्रोह में कानपुर का नेतृत्व नाना साहेब ने किया था, उस समय वहाँ का अंग्रेज़ जनरल था- ***जनरल हैवलॉक***
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती शिष्य थे-***ख्वाजा उस्मान चिश्ती हारूनी के***
- काकोरी कांड से जुड़ा वह क्रांतिकारी, जो मुकदमे से बच निकला था- ***चंद्रशेखर 'आज़ाद'***
- किस चार्टर के तहत भारत का रास्ता ब्रिटिश वस्तुओं के लिये खोल दिया गया तथा भारत में कंपनी का व्यापारिक एकाधिकार समाप्त कर दिया गया- ***1813 के चार्टर द्वारा***
- मुहम्मद बिन तुगलक ने कृषि के विकास के लिये एक नवीन विभाग की स्थापना की, यह कहलाता था- ***अमीर-ए-कोही***
- सचींद्र सान्याल द्वारा स्थापित 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' का नाम बदलकर 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन' कर दिया था- ***चंद्रशेखर 'आज़ाद' ने***
- 'अखिल भारतीय किसान सभा' का पहला अधिवेशन हुआ था- ***लखनऊ में***
- वह गवर्नर जनरल, जिसके समय में भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम समाप्त किया गया- ***लॉर्ड रिपन***
- द्वितीय विश्वयुद्ध के समय ब्रिटेन का प्रधानमंत्री था- ***विंस्टन चर्चिल***
- भारतीय धन की निकासी को औपचारिक रूप से भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस द्वारा स्वीकार किया गया- ***सन् 1896 ई. के कलकत्ता अधिवेशन में***
- ब्रिटिश शासन के दौरान कृषि पर जनसंख्या का बोझ बढ़ा, जिसका प्रमुख कारण था- ***हस्तशिल्प उद्योगों का पतन***
- फार्मिंग पद्धति की शुरुआत की गई थी- ***वारेन हेस्टिंग्स द्वारा***
- 'इंग्लैंड्स डेब्ट टू इंडिया' (England's Debt to India) नामक पुस्तक लिखी गई- ***लाला लाजपत राय के द्वारा***
- 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' और 'गीत गोविंद' का अंग्रेज़ी अनुवाद करने का कार्य किया- ***विलियम जोंस ने***
- ब्रिटिश भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरण किया गया- ***लॉर्ड हार्डिंग के काल में***

## कला एवं संस्कृति

- सारनाथ में 'धमेख स्तूप' और राजगीर में 'जरासंध की बैठक स्तूप' संबंधित हैं- ***गुप्तकाल से***
- गुफा, चैत्य, स्तूप, विहार जिस वास्तुकला के अंतर्गत आते हैं, वह है- ***बौद्ध वास्तुकला***
- कुतुबुद्दीन ऐबक ने 'अढ़ाई दिन का झोंपड़ा' नामक मस्जिद का निर्माण करवाया- ***अजमेर में***
- नागर शैली के मंदिर आधार से शिखर तक होते हैं- ***चतुष्कोणीय***
- दिलवाड़ा का जैन मंदिर, कुंभरिया का पार्श्वनाथ मंदिर तथा मोढेरा का सूर्य मंदिर उदाहरण हैं- ***गुजरात उपशैली के***
- भारत में मूर्तिकला अपने वास्तविक स्वरूप में आई- ***हड़प्पा सभ्यता के दौरान***
- वह कला शैली, जिसके अंतर्गत बौद्ध, जैन एवं हिंदू धर्म, तीनों से संबंधित मूर्तियों का निर्माण हुआ- ***मथुरा शैली***
- कहाँ की मूर्तियों में कलागत विशेषता के साथ-साथ कामभावना के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ते हैं- ***खजुराहो की मूर्तियों में***
- पालकालीन मूर्तिकला की मुख्य विषयवस्तु संबंधित है- ***बौद्ध धर्म से***
- भारत में गुफा चित्रकारी के प्रथम साक्ष्य मिलना आरंभ हो गए थे- ***उच्च पुरापाषाण काल में***
- दक्षिण भारत का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भित्ति-चित्र है- ***तमिलनाडु के तंजावुर में***
- मुगल चित्रकला का 'स्वर्ण युग' माना जाता है- ***जहाँगीर के शासन काल को***
- वह चित्रकला, जिसके अंतर्गत प्रकृति का यथार्थवादी चित्रण किया गया है तथा जिसमें ब्रिटिश जलरंग पद्धति को अपनाया गया है, संबंधित है- ***पटना चित्रकला से***

# सामान्य हिन्दी

## संधि एवं संधि-विच्छेद (दूसरी कड़ी)

### व्यंजन संधि

जब दो वर्णों में संधि होती है, यदि उनमें पहला वर्ण व्यंजन हो तथा दूसरा वर्ण व्यंजन या स्वर हो तो उनके मिलने से जो विकार (परिवर्तन) होता है, वह व्यंजन संधि कहलाती है, जैसे–

वाक् + ईश = वागीश　　　　उत् + हार = उद्धार

व्यंजन संधि से संबंधित कुछ नियम इस प्रकार हैं–

**नियम 1:**

यदि किसी अघोष व्यंजन के बाद कोई घोष व्यंजन या कोई स्वर आए तो वह अघोष व्यंजन अपने घोष रूप में बदल जाता है, जैसे– किसी वर्ग के प्रथम वर्ण (क्, च्, ट्, त्, प्) का जुड़ाव (मेल) किसी स्वर अथवा किसी वर्ग के तीसरे वर्ण (ग, ज, ड, द, ब) या चौथे वर्ण (घ, झ, ढ, ध, भ) या अंतिम व्यंजन (य, र, ल, व) के किसी वर्ण से होने पर वर्ग का प्रथम वर्ण अपने ही वर्ग के तीसरे वर्ण (ग्, ज्, ड्, द्, ब्) में परिवर्तित हो जाता है, जैसे–

- दिक् + अम्बर = दिगम्बर
- वाक् + धारा = वाग्धारा
- वाक् + जाल = वाग्जाल
- अच् + अंत = अजंत
- अच + आदि = अजादि
- षट् + आनन = षडानन
- षट् + अक्षर = षडक्षर
- वृहत् + रथ = वृहद्रथ
- कृत + अंत = कृदंत
- सुप + अंत = सुबंत
- अप् + ज = अब्ज

**नियम 2:**

यदि किसी वर्ग के प्रथम वर्ण (क्, च्, ट्, त्, प्) का जुड़ाव (मेल) किसी अनुनासिक वर्ण (केवल न, म) से हो तो ऐसी स्थिति में उसके स्थान पर उसी वर्ण का पाँचवा वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न्, म) हो जाता है, जैसे–

उत् + मत्त = उन्मत्त　　　　उत् + घाटन = उद्घाटन

चित् + मय = चिन्मय　　　　सत + नारी = सन्नारी

**नियम 3:**

जब किसी ह्रस्व स्वर अथवा 'आ' का जुड़ाव (मेल) 'छ' से होना हो तो ऐसी स्थिति में 'छ' से पहले 'च' जोड़ दिया जाता है, जैसे–

अनु + छेद = अनुच्छेद　　　　स्व + छंद = स्वच्छंद

**नियम 4:**

- यदि 'त' वर्ण के बाद 'च' अथवा 'छ' वर्ण हो तो ऐसी स्थिति में 'त' वर्ण का 'च' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

  जगत् + छाया = जगच्छाया　　　　उत् + चरित = उच्चरित
- यदि 'त' वर्ण के बाद 'ज' अथवा 'झ' वर्ण हो तो ऐसी स्थिति में 'त' वर्ण का 'ज' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

  उत् + ज्वल = उज्ज्वल　　　　सत् + जन = सज्जन
- यदि 'त' वर्ण के बाद 'ट' अथवा 'ड' वर्ण हो तो ऐसी स्थिति में 'त' वर्ण का क्रमशः 'ट्' एवं 'ड्' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

  उत् + डयन = उड्डयन　　　　वृहत् + टीका = वृहट्टीका
- यदि 'त' वर्ण के बाद 'ल' वर्ण आए तो ऐसी स्थिति में 'त' वर्ण 'ल' वर्ण में परिवर्तित हो जाता है, जैसे–

  उत् + लेख = उल्लेख　　　　उत् + लास = उल्लास
- यदि 'त' वर्ण के बाद 'श्' वर्ण आए तो ऐसी स्थिति में 'त्' वर्ण का 'च' वर्ण में तथा 'श' वर्ण का 'छ' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

  सत् + शास्त्र = सच्छास्त्र

  सत् + शासन = सच्छासन

  उत् + शृंखल = उच्छृंखल
- यदि 'त' वर्ण के बाद 'ह' वर्ण हो तो 'त' वर्ण का 'द' वर्ण में एवं 'ह' वर्ण का 'ध' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

  उत् + हत = उद्धत　　　　तत् + हित = तद्धित

**नियम 5:**

जब कभी 'ऋ', र, ष वर्ण के बाद यदि 'न' वर्ण आए तो ऐसी स्थिति में 'न' वर्ण का 'ण' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

प्र + मान = प्रमाण

भूष + अन = भूषण

शूर्प + नखा = शूर्पणखा

**नियम 6:**

- यदि 'म' वर्ण का मिलन (मेल) 'क' वर्ग से 'म' वर्ग तक के किसी भी व्यंजन से होता है, तब ऐसी स्थिति में 'म' उसी वर्ग के अनुस्वार में परिवर्तित हो जाता है, जैसे–

  परम् + तु = परंतु　　　　सम् + कलन = संकलन
- यदि 'म' वर्ण का मिलन (मेल) य, र, ल, व, श, ष, स, ह वर्णों से हो तो ऐसी स्थिति में 'म' हमेशा अनुस्वार ही रहता है, जैसे–

  सम् + विधान = संविधान　　　　सम् + योग = संयोग
- यदि 'म' वर्ण के बाद 'म' वर्ण आए तो ऐसी स्थिति में 'म' वर्ण में कोई परिवर्तन नहीं होता है, जैसे–

  सम् + मति = सम्मति　　　　सम् + मान = सम्मान

**नियम 7:**

यदि 'स' वर्ण से पूर्व (पहले) अ, आ वर्ण से भिन्न कोई अन्य स्वर आए तो ऐसी स्थिति में 'स' वर्ण का 'ष' वर्ण में परिवर्तन हो जाता है, जैसे–

सु + समा = सुषमा

वि + सम = विषम

# General English

## Antonyms

- Antonym शब्द से अभिप्राय वैसे शब्दों से है, जो किसी सार्थक शब्द के विपरीतार्थक या विलोम (Opposite) शब्द होते हैं, जैसे- Introvert का विपरीतार्थक शब्द Extrovert होता है।
- सामान्यत: शब्दों के अपने निश्चित अर्थ होते हैं, उन शब्दों के विपरीत अर्थ देने वाले शब्द Antonym (विलोम) शब्द कहलाते हैं।
- विपरीतार्थक शब्द कुछ महत्त्वपूर्ण विधियों द्वारा बनते हैं-
  - उपसर्ग की सहायता से बनने वाले Antonym शब्द- मान-अपमान, आस्था-अनास्था इत्यादि।
  - लिंग-परिवर्तन द्वारा बनने वाले Antonym शब्द- लड़का-लड़की, भाई-बहन इत्यादि।
  - विभिन्न जातीय शब्दों के द्वारा बनने वाले Antonym शब्द- कड़वा-मीठा, आज़ादी-गुलामी इत्यादि।
- आइये परीक्षोपयोगी कुछ महत्त्वपूर्ण Antonym शब्द को निम्नवत् देखते हैं-

| Word | Hindi Meaning | Antonym | Hindi Meaning |
|---|---|---|---|
| Lassitude | थकावट, शिथिलता | Enthusiasm | उत्साह |
| Indelible | जो मिट न सके, अमिट | Temporary | अस्थायी |
| Wary | एहतियाती, चौकन्ना | Unwary | असावधान |
| Obtuse | मंदबुद्धि, सुस्त | Acute | प्रखर, तेज़ |
| Overt | खुला, प्रकट | Covert | गुप्त, अप्रकट |
| Miserable | दु:खी | Fortunate | सौभाग्यशाली |
| Humane | दयालु | Inhumane | निर्दयी |
| Venial | क्षम्य | Unpardonable | अक्षम्य |
| Group | समूह, समुदाय | Individual | व्यक्तिगत |
| Divulge | भेद खोलना, प्रकट करना | Conceal | छिपाना |
| Profound | गम्भीर, गहरा | Superficial | सतही |
| Generous | उदार | Ungenerous | अनुदार |
| Vanity | घमंड, अभिमान | Humility | अगर्व, विनम्रता, विनयशीलता |
| Lenient | उदार | Strict | सख्त |
| Captivate | मोहित करना | Distract | ध्यान भंग करना |
| Irascible | क्रोधी, चिड़चिड़ा | Pleasant | खुशनुमा, आनंददायक |
| Gregarious | झुंड में रहने वाला | Ungregarious | झुंड में न रहने वाला |
| Courage | साहस | Cowardice | कायरता |
| Rugged | खुरदुरा, असभ्य | Delicate or smooth | मृदु, भद्र, चिकना |
| Evade | बचना | Confront | सामना करना |
| Captivity | अधीनता, कारावास | Freedom | स्वतंत्रता |
| Obstinate | ज़िद्दी | Docile | विनम्र |
| Yield | राज़ी होना | Resist | विरोध करना |
| Repulsive | प्रतिकारक, अरुचिकर | Attractive | प्रलोभक, आकर्षक |
| Ample | प्रचुर | Meagre | अल्प |
| Adept | योग्य, कुशल | Inept | अयोग्य, अकुशल |
| Substantial | अच्छी मात्रा में | Flimsy | सूक्ष्म, अल्प |

# बेसिक मैथ्स

## संख्या पद्धति भाग–2 (Number System Part-II)

### विभाज्यता एवं शेषफल (Divisibility and Remainder)

जब किसी संख्या a में संख्या b से भाग दिया जाता है तो b को भाजक और a को 'भाज्य' कहा जाता है। भाजक, भाज्य को जितनी बार में विभाजित करे, उसे भागफल तथा भाज्य के पूर्णतः विभाजित होने की स्थिति में बची हुई राशि शेष कहलाती है, अर्थात्

भाजक ) भाज्य ( भागफल

शेष

तथा **भाजक × भागफल + शेष = भाज्य**

उदाहरण:

भाजक → 4 ) 54 ( 13 ← भागफल (54 ← भाज्य)

$$\begin{array}{r} 54 \\ -4 \\ \hline 14 \\ -12 \\ \hline 2 \end{array}$$

2 ← शेष

**$4 \times 13 + 2 = 54$**

### विभाज्यता की जाँच (Divisibility Tests)

कोई दी हुई संख्या कुछ विशेष संख्याओं से पूर्णतः विभाजित होती है या नहीं, इसकी जाँच में निम्नलिखित तथ्यों का उपयोग किया जा सकता है।

- कोई संख्या 2 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उसका इकाई अंक सम संख्या या शून्य हो।
- कोई संख्या 3 से या 9 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उस संख्या के अंकों का योग क्रमशः 3 से या 9 से पूर्णतः विभाजित हो, जैसे- 144 $= 1 + 4 + 4 = 9 \Rightarrow 3$ से पूर्णतः विभाज्य है।
- कोई संख्या 4 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उसके अंतिम दो अंकों से बनी संख्या 4 से विभाजित हो या अंतिम दोनों अंक शून्य हों, जैसे- 1524, अंतिम दो अंक 24, 4 से पूर्णतः विभाज्य हैं।
- कोई संख्या 8 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उसके अंतिम तीन अंकों से बनी संख्या 8 से विभाजित हो या अंतिम तीन अंक शून्य हों, जैसे- 25192, अंतिम तीन अंक 8 से पूर्णतः विभाज्य हैं।
- कोई संख्या 5 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उसका इकाई अंक 0 या 5 हो।
- कोई संख्या 6 से पूर्णतः विभाजित होगी, अगर वह सम संख्या हो और उसके अंकों का योग 3 से विभाज्य हो।
- कोई संख्या 10 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उसका इकाई अंक 0 हो।
- कोई संख्या 11 से पूर्णतः विभाजित होगी, यदि उसके विषम स्थानों पर स्थित अंकों का योग तथा सम स्थानों पर स्थित अंकों के योग का अंतर 0 हो या 11 का गुणज हो।

*उदाहरण:*

1. यदि 1331 की 11 से विभाजिता की जाँच करनी हो तो

   1 3 3 1 (ऊपर + : 1 और 3; नीचे + : 3 और 1)

   $\Rightarrow 4 - 4 = 0$ अर्थात् यह 11 से विभाज्य है।
2. 5532 की 11 से विभाजिता की जाँच-

   5 5 3 2 (ऊपर + : 5 और 3; नीचे + : 5 और 2)

   $\Rightarrow 8 - 7 = 1$ अर्थात् यह 11 से विभाज्य नहीं है। अतः 5532, 11 से पूर्णतः विभाज्य नहीं होगा।

- यदि दो संख्याएँ a और b ऐसी हों कि कोई अन्य संख्या a से भी विभाजित हो जाए तथा b से भी विभाजित हो जाए तो अवश्य ही वह $a \times b$ से भी विभाजित होगी, यदि a और b परस्पर अभाज्य हों, जैसे- $180 \rightarrow 2$ से विभाज्य है तथा 3 से भी विभाज्य है, अतः अवश्य ही यह $3 \times 2 = 6$ से भी विभाज्य होगा।

### महत्त्वपूर्ण बिंदु

- यदि $x^n$ को $(x + 1)$ से विभाजित किया जाए तो,
  - (a) यदि n = सम संख्या हो तो शेषफल = 1
  - (b) यदि n = विषम संख्या हो तो शेषफल = x

  जैसे- $(17)^{300}$ को 18 से भाग देने पर शेषफल = 1

  $17^{201}$ को 18 से भाग देने पर शेषफल = 17
- यदि $(x + 1)^n$ को x से विभाजित किया जाए तो शेषफल सदैव 1 प्राप्त होगा।
- जैसे- $(18)^{19}$ को 17 से भाग देने पर शेषफल = 1
- $(a^n + b^n)$, $(a + b)$ से विभाजित होगा, यदि n एक विषम संख्या हो।
- $(a^n - b^n)$, $(a + b)$ से विभाजित होगा, यदि n एक सम संख्या हो।
- $(a^n - b^n)$, $(a - b)$ से सदैव विभाजित होगा।

**नोटः** $(a^n + b^n + c^n + ......)$, $(a + b + c .....)$ से विभाजित होगा, यदि n एक विषम संख्या हो एवं a, b, c, ..... समांतर श्रेणी में हों।

### विभाज्यता से संबंधित कुछ अन्य नियम

- कोई भी संख्या यदि 'abab' के रूप की है तो वह 101 से पूर्ण विभाजित होगी, जैसे- 7373, 8181, 3434... आदि।
- किसी संख्या में कोई एक ही अंक यदि लगातार 6 बार हो (जैसे- 999999) तो वह संख्या 3, 7, 11, 13, 33, 37, 39 से पूर्णतः विभाजित होगी, जैसे- 111111, 444444, 777777 इत्यादि।

# बेसिक रीज़निंग

## कूटलेखन एवं कूटवाचन (Coding and Decoding)

किसी सूचना को सामान्य भाषा में न लिखकर कुछ संकेतों के माध्यम से गुप्त रूप में लिखना ही 'कोडिंग' कहलाता है। सूचना शब्द, अक्षर, संख्या, वाक्य या अन्य किसी रूप में हो सकती है तथा उसे बदलने के लिये एक विशिष्ट पैटर्न के आधार पर किसी संख्या, अक्षर, शब्द या अन्य संकेतों का प्रयोग किया जा सकता है।

### कोडिंग/कूटलेखन (Coding)

जब किसी सामान्य अर्थपूर्ण सूचना को किसी विशेष नियम के द्वारा अर्थविहीन शब्द, अक्षर, संकेतों या अन्य किसी माध्यम में बदल दिया जाता है तो इस प्रक्रिया को 'कोडिंग' या 'कूटलेखन' कहते हैं।

जैसे– MOHAN = 13, 15, 8, 1, 14

जहाँ MOHAN शब्द के प्रत्येक अक्षर को उनकी अंग्रेज़ी वर्णमाला की क्रम संख्या के द्वारा दर्शाया गया है, क्योंकि अंग्रेज़ी वर्णमाला में M का क्रमांक 13, O का 15, H का 8, A का 1 तथा N का 14 है।

### डिकोडिंग/कूटवाचन (Decoding)

जब किसी अर्थविहीन शब्द, अक्षर, संकेत आदि को किसी विशेष नियम के द्वारा पुन: अर्थपूर्ण सूचना, शब्द या अक्षर में बदला जाता है तो इस प्रक्रिया को 'डिकोडिंग' या 'कूटवाचन' कहते हैं।

जैसे– 13, 15, 8, 1, 14 = MOHAN

जहाँ संख्याओं 13, 15, 8, 1, 14 से अंग्रेज़ी वर्णमाला में उनके क्रम पर आने वाले अक्षरों द्वारा अर्थपूर्ण शब्द 'MOHAN' प्राप्त किया गया है।

अभी तक इस अध्याय में उपर्युक्त बातों से यह स्पष्ट है कि प्रश्नों को हल करने में सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका उस विशेष नियम की पहचान करने की है, जिसके माध्यम से 'कोडिंग' या 'डिकोडिंग' की गई हो।

'कोडिंग' या 'डिकोडिंग' के लिये नियमों की संख्या असीमित है, जिन्हें याद रखना एक असंभव कार्य है, फिर भी प्रमुख रूप से उपयोगी और प्रश्नों को आसानी से हल करने में मदद के लिये निम्न बातों का ध्यान रखा जा सकता है–

### 1. अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षरों की क्रम संख्या

| अक्षर | A | B | C | D | E | F | G | H | I | J | K | L | M |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| अक्षर | Z | Y | X | W | V | U | T | S | R | Q | P | O | N |
| क्रम संख्या | 26 | 25 | 24 | 23 | 22 | 21 | 20 | 19 | 18 | 17 | 16 | 15 | 14 |

अत: MOHAN = 13, 15, 8, 1, 14 को आसानी से ज्ञात किया जा सकता है।

- **सरल तरीका:**

(a) शब्द **'EJOTY' (ईजोटी)** को याद रखकर हम सभी अक्षरों की क्रम संख्या ज्ञात कर सकते हैं। शब्द 'EJOTY' के अक्षरों की क्रम संख्याएँ निम्नलिखित होती हैं:

| E | J | O | T | Y |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 5 | 10 | 15 | 20 | 25 |

**(ये 5 के गुणज के रूप में हैं)**

***उदाहरण:*** अंग्रेज़ी वर्णमाला में बाएँ से 17वाँ अक्षर कौन-सा है?

**हल:** शब्द EJOTY (ईजोटी) से ज्ञात है–

O = 15

∵ 15 + 2 = 17

∴ O + 2 = Q

अत: अंग्रेज़ी वर्णमाला में बाईं तरफ से 17वाँ अक्षर Q होगा।

(b) अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षरों की क्रम संख्या को याद करने का एक अन्य सरल तरीका **'CFILORUX' (शफीलोरक्स)** है। यह 3 के गुणज के रूप में है, जैसे–

| C | F | I | L | O | R | U | X |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 3 | 6 | 9 | 12 | 15 | 18 | 21 | 24 |

***उदाहरण:*** अंग्रेज़ी वर्णमाला में बाएँ से 23वाँ अक्षर कौन-सा है?

**हल:** 'CFILORUX' की मदद से हम जानते हैं

X = 24

∵ 24 – 1 = 23

∴ X – 1 = W

अत: अंग्रेज़ी वर्णमाला में बाईं तरफ से 23वाँ अक्षर 'W' होगा।

### 2. अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षरों की विपरीत क्रम संख्या

| अक्षर | Z | Y | X | W | V | U | T | S | R | Q | P | O | N |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विपरीत क्रम | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| अक्षर | M | L | K | J | I | H | G | F | E | D | C | B | A |
| विपरीत क्रम | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |

अत: YTPL = 2,7,11,15, जो कि अक्षरों की विपरीत क्रमांक संख्याएँ हैं।

# सॉल्व्ड पेपर

## 66th BPSC संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता पुनः परीक्षा-2020

**(परीक्षा तिथि : 14 फरवरी, 2021)**

**समय : 2 घंटे** | **कुल प्रश्नः 150**
**अधिकतम अंकः 150**

1. निम्नलिखित में से कौन-सी मूल भौतिक राशि है?
(a) बल (b) वेग
(c) विद्युत धारा (d) कार्य
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

2. अनुदैर्ध्य तरंगों का उदाहरण है-
(a) रेडियो तरंग (b) ध्वनि तरंग
(c) एक्स-किरण (d) गामा किरण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

3. प्रकाश का वर्ण विक्षेपण संभव है-
(a) प्रिज्म द्वारा (b) उत्तल लेंस द्वारा
(c) अवतल लेंस द्वारा (d) साधारण दर्पण द्वारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

4. किस तापमान पर सेल्सियस और फारेनहाइट पैमाने मेल खाते हैं?
(a) $0^o$ (b) $10^o$
(c) $-40^o$ (d) $40^o$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

5. लेंस की क्षमता मापी जाती है
(a) वॉट में (b) एंपियर में
(c) वोल्ट में (d) डायोप्टर में
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

6. चिकित्सा स्थितियों का निदान करने के लिये एम.आर.आई. तकनीक का उपयोग किया जाता है। एम.आर.आई. में किसका उपयोग नहीं होता है?
(a) चुंबकीय क्षेत्र (b) एक्स-किरण
(c) रेडियो तरंग (d) गामा किरण
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

7. जब एक ध्वनि तरंग एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाती है, तो वह राशि जो अपरिवर्तित रहती है, हैं-
(a) आवृत्ति (b) आयाम
(c) तरंगदैर्ध्य (d) चाल
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

8. प्रकाश-वर्ष मात्रक है-
(a) समय का (b) दूरी का
(c) चाल का (d) बल का
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

9. निम्नलिखित में से कौन-सा कण आवेश-रहित है?
(a) $\alpha$ – कण (b) इलेक्ट्रॉन
(c) न्यूट्रॉन (d) प्रोट्रॉन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

10. 'ओम-मीटर' मात्रक है-
(a) प्रतिरोध का (b) चालकत्व का
(c) प्रतिरोधकता का (d) आवेश का
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

11. नीलम(रूबि) का रासायनिक सूत्र है-
(a) $Al_2O_3$ (b) $Al_3O_2$
(c) $N_2O$ (d) $NO_2$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

12. पेट्रोल की गुणवत्ता को व्यक्त किया जाता है-
(a) सीटेन संख्या द्वारा (b) ऑक्टेन संख्या द्वारा
(c) ब्यूटेन संख्या द्वारा (d) रेनाल्ड्स संख्या द्वारा
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

13. निम्नलिखित में से किसका गलनांक सबसे उच्च होता है?
(a) बोरॉन (b) लोहा
(c) सिलिकॉन (d) ऐल्युमिनियम
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

14. एंटीबायोटिक दवा का उदाहरण है-
(a) एस्पिरिन (b) पैरासीटामॉल
(c) क्लोरोफीन (d) पेनिसिलिन
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

15. सी.एन.जी. का मुख्य घटक है-
(a) $CO_2$ (b) $N_2$
(c) $H_2$ (d) $CH_4$
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

16. अम्ल वर्षा का/के घटक है/हैं-
(a) $HNO_3$ (b) $H_2SO_4$
(c) $CO_2$ (d) (a) तथा (b) दोनों
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

17. भारी जल का रासायनिक सूत्र है-
(a) $H_2O$ (b) $N_2O$
(c) $D_2O$ (d) CuO
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

18. पानी का pH मान है-
(a) 4 (b) 7
(c) 12 (d) 18
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 2. (b) | 3. (a) | 4. (c) | 5. (d) | 6. (b) | 7. (a) | 8. (b) | 9.(c) | 10. (c) |
| 11. (a) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (d) | 15. (d) | 16. (d) | 17. (c) | 18. (b) | 19.(c) | 20. (a) |
| 21. (d) | 22. (a) | 23. (a) | 24. (d) | 25. (d) | 26. (b) | 27. (c) | 28. (b) | 29.(a) | 30. (a) |
| 31. (c) | 32. (a) | 33. (b) | 34. (b) | 35. (a) | 36. (b) | 37. (c) | 38. (a) | 39.(c) | 40. (c) |
| 41. (c) | 42. (a) | 43. (b) | 44. (d) | 45. (d) | 46. (c) | 47. (a) | 48. (d) | 49.(a) | 50. (c) |
| 51. (a) | 52. (c) | 53. (c) | 54. (b) | 55. (c) | 56. (a) | 57. (d) | 58. (b) | 59.(d) | 60. (b) |
| 61. (c) | 62. (a) | 63. (a) | 64. (e) | 65. (a) | 66. (d) | 67. (b) | 68. (d) | 69.(e) | 70. (c) |
| 71. (d) | 72. (b) | 73. (c) | 74. (d) | 75. (e) | 76. (a) | 77. (a) | 78. (c) | 79.(b) | 80. (c) |
| 81. (d) | 82. (e) | 83. (b) | 84. (b) | 85. (a) | 86. (c) | 87. (b) | 88. (b) | 89.(d) | 90. (a) |
| 91. (c) | 92. (e) | 93. (c) | 94. (b) | 95. (c) | 96. (b) | 97. (c) | 98. (a) | 99.(c) | 100. (d) |
| 101. (c) | 102. (a) | 103. (d) | 104. (e) | 105. (a) | 106. (e) | 107. (c) | 108. (e) | 109.(c) | 110. (d) |
| 111. (b) | 112. (c) | 113. (a) | 114. (a) | 115. (b) | 116. (a) | 117. (e) | 118. (e) | 119.(c) | 120. (d) |
| 121. (a) | 122. (d) | 123. (e) | 124. (a) | 125. (c) | 126. (d) | 127. (a) | 128. (b) | 129.(b) | 130. (b) |
| 131. (d) | 132. (e) | 133. (a) | 134. (d) | 135. (c) | 136. (d) | 137. (a) | 138. (b) | 139.(e) | 140. (c) |
| 141. (e) | 142. (a) | 143. (d) | 144. (a) | 145. (b) | 146. (c) | 147. (b) | 148. (b) | 149.(b) | 150. (a) |

## उत्तर (व्याख्या सहित)

1.(c) वे भौतिक राशियाँ जो स्वतंत्र होती हैं तथा किसी अन्य राशि पर निर्भर नहीं होती हैं, मूल भौतिक राशियाँ कहलाती हैं। जैसे- द्रव्यमान, लंबाई, समय, विद्युतधारा, ताप, ज्योति तीव्रता तथा पदार्थ की मात्रा मूल भौतिक राशियाँ हैं।

2.(b) जब माध्यम के कण तरंग संचरण की दिशा में कंपन करते हैं तो ऐसी तरंग को 'अनुदैर्ध्य तरंग' कहते हैं। उदाहरण- ध्वनि तरंगें। जबकि रेडियो तरंगें, गामा-किरण व एक्स-किरणें विद्युत चुंबकीय तरंगें हैं, जिन्हें संचरण हेतु माध्यम की आवश्यकता नहीं होती है।

3.(a)

4.(c) $-40^o$ तापमान पर सेल्सियस और फारेनहाइट पैमाने पर तापक्रम एक समान होता है।

5.(d) किसी लेंस द्वारा प्रकाश किरणों को अभिसरण या अपसरण करने की मात्रा (Degree) को उसकी क्षमता के रूप में व्यक्त किया जाता है। इसे P से दर्शाते हैं। यदि फोकस दूरी f हो तो लेंस की क्षमता P = होगी। लेंस की क्षमता का SI मात्रक-डायोप्टर (Diopter) होता है।

6.(b)

7.(a) जब ध्वनि तरंग एक माध्मय से दूसरे माध्यम में जाती है तब ध्वनि की आवृत्ति अपरिवर्तित रहती है क्योंकि किसी माध्यम में ध्वनि की चाल ध्वनि की आवृत्ति पर निर्भर नहीं करती है।

8.(b) अत्यंत लंबी खगोलीय दूरियों को मापने के लिये प्रकाश वर्ष का प्रयोग किया जाता है। प्रकाश वर्ष, प्रकाश द्वारा एक वर्ष में 1 लाख 86 हजार मील/सेकंड के वेग से तय की गई दूरी है। एक प्रकाश वर्ष का मान $9.46 \times 10^{15}$ मीटर के बराबर होता है।

9.(c) न्यूट्रॉन की खोज ब्रिटिश भौतिक वैज्ञानिक जेम्स चैडविक ने 1931 में की थी। न्यूट्रॉन एक आवेश रहित मूलभूत कण है, जो परमाणु के नाभिक में प्रोटॉन के साथ पाए जाते हैं। इसे n से दर्शाया जाता है।

10.(c) किसी पदार्थ की विद्युत प्रतिरोधकता से उस पदार्थ द्वारा विद्युत के प्रवाह का विरोध करने की क्षमता का पता चलता है। कम प्रतिरोधकता वाले पदार्थ आसानी से विद्युत आवेश को चलने देते हैं। इसका S.I मात्रक ओम मीटर है।

11.(a) नीलम (रूबि) एक रत्न श्रेणी का खनिज है। इसका रासायनिक सूत्र अल्यूमिनियम भस्म ऑक्साइड ($Al_2O_3$) होता है।

12.(b) पेट्रोल की गुणवत्ता को ऑक्टेन में व्यक्त किया जाता है। हाल ही में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने देश का पहला 100 ऑक्टेन पेट्रोल पेश किया संख्या जितनी अधिक होती है, उतनी ही पेट्रोल नॉक को रोकने में सक्षम होता है।

13.(a) गलनांक (Melting Point)
बोरॉन (Boron)– 2300 °C
सिलिकॉन (Silicon)– 1410 °C
लोहा (Iron)– 1535 °C
ऐल्यूमिनियम (Alumnium) – 660 °C

14.(d) सन् 1929 में अलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने फफूँद से 'पेनिसिलिन' नामक ऐंटीबायोटिक दवा का निर्माण किया।

15.(d) संपीड़ित प्राकृतिक गैस, (CNG) प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले ज्वलनशील गैस को अत्यधिक दबाव के अंदर रखने से बने तरल को कहते हैं। इसका मुख्य घटक मीथेन ($CH_4$) होता है। यह रंगहीन, गंधहीन होता है।

16.(d) अम्ल वर्षा, प्राकृतिक रूप से अम्लीय होते हैं। इसका घटक $HNO_3$ एवं $H_2SO_4$ है।

17.(c) भारी जल का रासायनिक सूत्र $D_2O$ (ड्यूटीरियम ऑक्साइड) है जिसका परमाणु द्रव्यमान 2 तथा जिसके नाभिक में एक न्यूट्रॉन उपस्थित होता है। यह हाइड्रोजन का एक समस्थानिक हैं।

# सॉल्व्ड पेपर

## बिहार सहायक अभियोजन पदाधिकारी (APO) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा-2020

**(परीक्षा तिथि : 7 फरवरी, 2021)**

**समय : 2 घंटे** | **कुल प्रश्न: 100**
**अधिकतम अंक: 200**

1. संविधान की प्रस्तावना को 'भारत की राजनीतिक कुण्डली' किसने कहा?
   (a) के.एम. मुंशी
   (b) डॉ.बी.आर. अंबेडकर
   (c) आचार्य कृपलानी
   (d) जवाहरलाल नेहरू
2. राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों को किसने 'भारत में सामाजिक व आर्थिक लोकतंत्र का घोषणा-पत्र कहा?
   (a) जवाहरलाल नेहरू
   (b) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
   (c) डॉ.बी.आर. अंबेडकर
   (d) इनमें से कोई नहीं
3. किसी कार्य को अविलंब कराने के लिये न्यायालय से किन विशेष लेखों को जारी करने की याचना की जा सकती है?
   (a) उत्प्रेषण
   (b) अधिकार-पृच्छा
   (c) बंदी प्रत्यक्षीकरण
   (d) परमादेश
4. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद भारत के राष्ट्रपति के महाभियोग प्रक्रिया से संबंधित है?
   (a) अनुच्छेद 53 (b) अनुच्छेद 58
   (c) अनुच्छेद 61 (d) अनुच्छेद 62
5. किस विधेयक पर भारत के राष्ट्रपति अपने निषेधाधिकार का प्रयोग कर सकते हैं?
   (a) धन विधेयक
   (b) गैर-धन विधेयक
   (c) वित्त विधेयक
   (d) संविधान संशोधन विधेयक
6. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है
   (a) राष्ट्रपति द्वारा
   (b) उपराष्ट्रपति द्वारा
   (c) प्रधानमंत्री द्वारा
   (d) संसद द्वारा
7. राज्य सभा में निर्वाचित सदस्यों की संख्या अधिकतम कितनी है?
   (a) 250
   (b) 238
   (c) 225
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
8. ____________राज्यों की विधान परिषदों का निर्माण या समाप्ति कर सकता है।
   (a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
   (c) संसद (d) मुख्यमंत्री
9. पिछड़ा वर्ग आयोग का प्रथम अध्यक्ष कौन था?
   (a) बी.पी. मंडल
   (b) काका कालेलकर
   (c) जगजीवन राम
   (d) के.एम. मुंशी
10. 'कास्ट इन इंडियन पॉलिटिक्स' के लेखक कौन हैं?
   (a) डॉ.बी.आर. अंबेडकर
   (b) एम.एन. श्रीनिवास
   (c) रजनी कोठारी
   (d) एम.एम. नेगी
11. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन के तहत पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं को आरक्षण प्रदान किया गया था?
   (a) 42वें (b) 65वें
   (c) 73वें (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
12. भारत में प्रधानमंत्री बनने हेतु व्यक्ति की न्यूनतम आयु क्या है?
   (a) 25 वर्ष (b) 35 वर्ष
   (c) 50 वर्ष (d) 65 वर्ष
13. भारत के संविधान का अनुच्छेद 312 संबंधित है-
   (a) राष्ट्रपति से
   (b) नई अखिल भारतीय सेवाओं से
   (c) सर्वोच्च न्यायालय से
   (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
14. भारत के राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की अध्यक्षता कौन करता है?
   (a) राष्ट्रपति
   (b) भारत का मुख्य न्यायाधीश
   (c) प्रधानमंत्री
   (d) भारत का पूर्व मुख्य न्यायाधीश
15. निम्नलिखित में से कौन राजनीतिक दलों के स्तर को मान्यता प्रदान करता है?
   (a) वित्त आयोग
   (b) राष्ट्रपति
   (c) निर्वाचन आयोग
   (d) सर्वोच्च न्यायालय

# मॉडल पेपर

## झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा-2021

**संभावित परीक्षा तिथि: 2 मई, 2021**

**समय : 2:00 घंटे**

**कुल प्रश्न : 100**
**अधिकतम अंक : 200**

1. गुप्तकालीन भूमरा का शिव मंदिर कहाँ स्थित है?
   (a) कानपुर (b) झाँसी
   (c) जबलपुर (d) सतना
2. किस गुप्तकालीन शासक ने मुद्राओं पर गरुड़ के स्थान पर मयूर की आकृति उत्कीर्ण कराई?
   (a) श्री गुप्त (b) चंद्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य)
   (c) कुमार गुप्त (d) स्कंद गुप्त
3. गुप्तकालीन अधिकारी 'महाक्षपटलिक' था-
   (a) न्यायाधीश (b) लेखा विभाग का सर्वोच्च अधिकारी
   (c) राजकोष का अधिकारी (d) इनमें से कोई नहीं
4. शतमान होता था-
   (a) सोने का सिक्का (b) चांदी का सिक्का
   (c) तांबे का सिक्का (d) इनमें से कोई नहीं
5. भारत में सर्वप्रथम सोने के सिक्के किसने चलवाए थे?
   (a) कनिष्क (b) विम कडफिसेस
   (c) मिनांडर (d) अशोक
6. किस अभिलेख से यह पता चलता है कि रेशम बुनकरों की एक श्रेणी ने एक भव्य मंदिर का निर्माण कराया था?
   (a) मंदसौर अभिलेख (b) एहोल अभिलेख
   (c) नासिक अभिलेख (d) जूनागढ़ अभिलेख
7. 'सत्यमेव जयते' शब्द कहाँ से लिया गया है?
   (a) मनुस्मृति (b) भगवद्गीता
   (c) ऋग्वेद (d) मुंडकोपनिषद्
8. निम्नलिखित रचना एवं रचनाकार के संबंध में कौन-सा सुमेलित नहीं है।
   (a) अकबरनामा - अबुल फजल
   (b) नुस्खा-ए-दिलकुशा - भीमसेन
   (c) फतवा-ए-जहाँदारी- ज़ियाउद्दीन बरनी
   (d) गैडवहो- कल्हण
9. हजार दीनारी नाम से मशहूर मलिक काफूर अलाउद्दीन खिलजी को कब मिला था?
   (a) गुजरात विजय के समय (b) चित्तौड़ अभियान के समय
   (c) मालवा विजय के समय (d) मारवाड़ विजय के समय
10. आयंगर व्यवस्था के संबंध में कौन-सा कथन गलत हैं?
   (a) यह ग्रामीण प्रशासन के संचालन से जुड़ी थी।
   (b) आयंगर को वेतन के बदले कर मुक्त ज़मीन मिलती थी।
   (c) आयंगर वंशानुगत होते थे।
   (d) आयंगर पद की बिक्री नहीं कर सकते थे।
11. सल्तनत काल में भूमि कर का हिसाब रखने वाला अधिकारी कहलाता था-
   (a) मुहतसिब (b) कारकून
   (c) शहना-ए-पील (d) आमीर-ए-आखूर
12. एक नए तरीके के छंद मुबइयान का सृजन किया था-
   (a) गुलबदन बेगम ने (b) हुमायुँ ने
   (c) अबू फजल ने (d) बाबर ने
13. सरदेश मुखी के तहत आय का कितना भाग देना पड़ता था?
   (a) 1/10 (b) 1/15
   (c) 1/8 (d) 1/2
14. एक्वर्थ आयोग संबंधित है-
   (a) रेल बजट से (b) शिक्षा से
   (c) अकाल से (d) प्रशासनिक सुधार से
15. मोपलाओ के प्रथम चरण का विद्रोह कब हुआ था?
   (a) 1921 ई. (b) 1836 ई.
   (c) 1866 ई. (d) 1925 ई.
16. वेलेंटाइन शिरोल ने किस संगठन को 'भारतीय अशांति का जन्मदाता' कहा-
   (a) आर्य समाज (b) स्वयं सेवक संघ
   (c) कॉन्ग्रेस (d) इंडियन एसोसिएशन
17. बाल विवाह निरोधक अधिनियम (शारदा एक्ट) के तहत लड़कियों की शादी की उम्र कितनी निर्धारित की गई थी?
   (a) 13 वर्ष (b) 14 वर्ष
   (c) 16 वर्ष (d) 17 वर्ष
18. 1917 में विश्वविद्यालय की समस्याओं के अध्ययन के लिये गठित सैडलर आयोग में भारतीय सदस्य थे-
   (a) आशुतोष मुखर्जी (b) जियाउद्दीन अहमद
   (c) सच्चिदानंद सिन्हा (d) (a) और (b)
19. अरुणाचल तथा म्यांमार के बीच कौन-सी पहाड़ी सीमा बनाती है?
   (a) अबोर (b) पटकाई वुम
   (c) बरेल (d) मिरी
20. सर्वाधिक अनुसूचित जाति (प्रतिशत) वाला राज्य है-
   (a) पंजाब (b) झारखंड
   (c) पश्चिम बंगाल (d) हिमाचल प्रदेश
21. धूपगढ़ चोटी स्थित है-
   (a) अरावली श्रेणी में (b) विंध्यन श्रेणी में
   (c) सतपुड़ा श्रेणी में (d) छोटा नागपुर पठार में

88. आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर सेंडाई फ्रेमवर्क को कब से कब तक के लिये लाया गया है?
   (a) 2018-2033 के लिये (b) 2015-2030 के लिये
   (c) 2017-2032 के लिये (d) 2019-2034 के लिये

89. UNDP के मानव विकास रिपोर्ट 2020 के अनुसार लैंगिक असमानता सूचकांक में भारत का स्थान कौन-सा है?
   (a) 123वाँ (b) 122वाँ
   (c) 120वाँ (d) 119वाँ

90. भारत का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन पार्क कहाँ स्थापित किया जा रहा है?
   (a) झारखंड के प. सिंहभूम में (b) उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में
   (c) मध्य प्रदेश के रीवा में (d) गुजरात के कच्छ में

91. हाल में चर्चा में रहा हिमालयन सीरो के संबंध में कौन-सा कथन गलत है?
   (a) इसे IUNC के क्रिटकली इंडेजर्ड श्रेणी में रखा गया है।
   (b) इसे शीत रेगिस्तान क्षेत्र स्पीति में पहली बार देखा गया।
   (c) सामान्यत: ये 2000–4000m के ऊँचाई पर मिलते हैं।
   (d) इसकी शारीरिक विशेषता बकरी, गधा, सूअर से मिलती है।

92. 2020 का बुकर पुरस्कार किसे दिया गया है?
   (a) बनीर्डिन एवरिस्टो (b) डगलस स्टुर्अट
   (c) मार्गरेट एटबुड (d) लुसी एलमन

93. मेडिकल पाठ्यक्रम में OBC अभ्यार्थियों के आरक्षण को लेकर हाल में चर्चा में आए 9वीं अनुसूची में शामिल कानून को संविधान के किस अनुच्छेद के तहत संरक्षण प्राप्त होता है?
   (a) अनु. 31B (b) अनु. 32
   (c) अनु. 34 (d) अनु. 49

94. चीन द्वारा किस देश को निर्यात किये जाने वाले 97% सामानों पर टैरिफ छूट की घोषणा की गई है?
   (a) मालदीव (b) श्रीलंका
   (c) पाकिस्तान (d) बांग्लादेश

95. QS वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैकिंग 2021 में भारत का सवश्रेष्ठ विश्वविद्यालय कौन-सा है?
   (a) IIT कानपुर (b) IIT गुवाहाटी
   (c) IIT बांबे (d) IISc बेंगलुरू

96. लोनार झील के संबंध में कौन-सा कथन गलत है?
   (a) इसका निर्माण प्लीस्टोसिन काल में उल्कापात से हुआ है।
   (b) हाल में इसके पानी का रंग हरा हो गया है।
   (c) यह एक अधिसूचित राष्ट्रीय भू-विरासत भी है।
   (d) इस झील का पानी खारा एवं क्षारीय है।

97. सुर्खियों में रहा H1B वर्क वीजा किस देश से संबंधित है?
   (a) कतर (b) UAE
   (c) आस्ट्रेलिया (d) USA

98. HAM मॉडल के तहत निजी कंपनियों को राजमार्ग परियोजना लागत के कितने प्रतिशत की व्यवस्था करनी पड़ती है?
   (a) 40% (b) 30%
   (c) 60% (d) 50%

99. इंजेती श्रीनिवास समिति किससे संबंधित है?
   (a) नए कृषि बिल (b) MSME क्षेत्र से
   (c) CSR से (d) बैंको के विलय से

100. भाभा कवच क्या है?
   (a) Covid-19 वैक्सीन
   (b) बुलेटप्रूफ जैकेट
   (c) कैंसर के इलाज के लिये नया आइसोटोप
   (d) इनमें से कोई नहीं

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (c) | **3.** (b) | **4.** (b) | **5.** (b) | **6.** (a) | **7.** (d) | **8.** (d) | **9.** (a) | **10.** (d) |
| **11.** (b) | **12.** (d) | **13.** (a) | **14.** (a) | **15.** (b) | **16.** (a) | **17.** (b) | **18.** (d) | **19.** (b) | **20.** (a) |
| **21.** (c) | **22.** (b) | **23.** (d) | **24.** (b) | **25.** (d) | **26.** (c) | **27.** (d) | **28.** (c) | **29.** (a) | **30.** (d) |
| **31.** (d) | **32.** (b) | **33.** (c) | **34.** (b) | **35.** (a) | **36.** (a) | **37.** (a) | **38.** (a) | **39.** (d) | **40.** (b) |
| **41.** (a) | **42.** (d) | **43.** (a) | **44.** (d) | **45.** (d) | **46.** (a) | **47.** (c) | **48.** (c) | **49.** (a) | **50.** (c) |
| **51.** (c) | **52.** (d) | **53.** (b) | **54.** (b) | **55.** (d) | **56.** (b) | **57.** (d) | **58.** (b) | **59.** (a) | **60.** (c) |
| **61.** (a) | **62.** (c) | **63.** (a) | **64.** (a) | **65.** (c) | **66.** (d) | **67.** (a) | **68.** (d) | **69.** (a) | **70.** (d) |
| **71.** (a) | **72.** (d) | **73.** (a) | **74.** (a) | **75.** (a) | **76.** (b) | **77.** (d) | **78.** (d) | **79.** (d) | **80.** (c) |
| **81.** (b) | **82.** (a) | **83.** (a) | **84.** (d) | **85.** (a) | **86.** (b) | **87.** (d) | **88.** (b) | **89.** (a) | **90.** (d) |
| **91.** (a) | **92.** (b) | **93.** (a) | **94.** (d) | **95.** (c) | **96.** (b) | **97.** (d) | **98.** (c) | **99.** (c) | **100.** (b) |

# GK पॉइंटर



**वह कोना जहाँ से एकदिवसीय परीक्षाओं में अक्सर प्रश्न पूछे जाते हैं ...**

| प्रमुख समाचार-एजेंसियाँ एवं संबंधित देश | |
|---|---|
| **प्रमुख एजेंसी** | **देश** |
| एसोसिएटेड प्रेस (AP), यूनाइटेड प्रेस इंटरनेशनल (UPI) | यू.एस.ए. |
| राइटर्स (REUTERS) | ब्रिटेन |
| तास (TASS), नोवोस्ती (NOVOSTI) | रूस |
| बरनामा (BERNAMA) | मलेशिया |
| अंसा (ANSA) | इटली |
| इतीम (ITIM) | इज़राइल |
| एजेंसी फ्राँस प्रेस (AFP) | फ्राँस |
| प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (PTI), समाचार भारती, यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ इंडिया (UNI) | भारत |
| सिन्हुआ (XINHUA) | चीन |
| क्योडो (KYODO) | जापान |
| अंतारा (ANTARA) | इंडोनेशिया |
| इरना (IRNA) | ईरान |
| डी.पी.ए. (DPA) | जर्मनी |
| वाफा (WAFA) | फिलीस्तीन |
| एएपी (AAP) | ऑस्ट्रेलिया |
| यूपीपी (UPP) | पाकिस्तान |
| मेना (MENA) | मिस्र |

| प्रमुख प्रतीक/चिह्न एवं उनके सूचक | |
|---|---|
| **प्रतीक/चिह्न** | **सूचक** |
| कमल का फूल | संस्कृति और सभ्यता |
| रेड क्रॉस | डॉक्टरी सहायता एवं अस्पताल |
| लाल त्रिकोण | परिवार नियोजन |
| सफेद कबूतर | शांति का सूचक |
| आँखों पर बँधी पट्टी और हाथ में तराजू लिये स्त्री | न्याय का सूचक |
| बाँह पर काली पट्टी | शोक, विरोध और दु:ख का सूचक |
| एक-दूसरे को काटती दो हड्डियाँ और ऊपर मानव खोपड़ी | बिजली का खतरा |
| चक्र | प्रगति का सूचक |
| ओलिव की शाखा | शांति का सूचक |

| प्रमुख विश्व संगठन एवं उनके मुख्यालय | |
|---|---|
| **संगठन** | **मुख्यालय** |
| संयुक्त राष्ट्र संघ (UNO) | न्यूयॉर्क (यूएसए) |
| यूनिसेफ (UNICEF) | न्यूयॉर्क (यूएसए) |
| रेड क्रॉस (RED CROSS) | जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) |
| अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ) | हेग (नीदरलैंड) |
| अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) | जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) |
| विश्व पर्यटन संगठन (WTO) | मैड्रिड(स्पेन) |
| संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (UNFAO) | रोम (इटली) |
| अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) | वाशिंगटन डी.सी. |
| विश्व बैंक (World Bank) | वाशिंगटन डी.सी. |
| यूनेस्को (UNESCO) | पेरिस (फ्राँस) |
| अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) | लंदन (ब्रिटेन) |
| विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) | जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) |
| विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) | जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) |
| अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (IAEA) | वियना (ऑस्ट्रिया) |
| संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (UNIDO) | वियना (ऑस्ट्रिया) |
| विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) | जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) |
| एशियाई विकास बैंक (ADB) | मनीला (फिलीपींस) |
| नार्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गेनाइज़ेशन (NATO) | ब्रुसेल्स (बेल्जियम) |
| यूरोपियन संघ (EU) | ब्रुसेल्स (बेल्जियम) |
| विश्व व्यापार संगठन (WTO) | जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) |
| दक्षेस (SAARC) | काठमांडू (नेपाल) |
| राष्ट्रमंडल (Commonwealth) | लंदन (ब्रिटेन) |
| ओपेक (OPEC) | वियना (ऑस्ट्रिया) |
| गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) | जकार्ता (इंडोनेशिया) |
| आसियान (ASEAN) | जकार्ता (इंडोनेशिया) |
| इंटरपोल (INTERPOL) | लियोन (फ्राँस) |
| आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) | पेरिस (फ्राँस) |
| एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग संगठन (APEC) | सिंगापुर |
| अरब लीग (Arab League) | काहिरा (मिस्र) |
| शंघाई सहयोग संगठन (SCO) | बीजिंग (चीन) |
| बिम्सटेक (BIMSTEC) | ढाका (बांग्लादेश) |
| मर्कोसुर (MERCOSUR) | मोंटेविडियो (उरूग्वे) |
| एमनेस्टी इंटरनेशनल (AI) | लंदन (ब्रिटेन) |

❑❑❑

# कौन/क्या/कहाँ



- भारत के राष्ट्रपति — *-रामनाथ कोविंद*
- भारत के उपराष्ट्रपति — *-एम. वेंकैया नायडू*
- भारत के प्रधानमंत्री — *-नरेंद्र मोदी*
- भारत के मुख्य न्यायाधीश (47वें)- — *-शरद अरविंद बोबड़े*

**भारत के उच्च न्यायालय एवं मुख्य न्यायाधीश**

| उच्च न्यायालय | मुख्य न्यायाधीश |
|---|---|
| कलकत्ता | टी.बी.ए. राधाकृष्णन |
| बॉम्बे | दीपांकर दत्त |
| मद्रास | संजीव बनर्जी |
| इलाहाबाद | गोविंद माथुर |
| कर्नाटक | अभय श्रीनिवास ओका |
| पटना | संजय करोल |
| गुवाहाटी | सुधांशु धूलिया |
| उड़ीसा | एस. मुरलीधर |
| राजस्थान | इंद्रजीत महंती |
| जम्मू एवं कश्मीर | पंकज मित्थल |
| मध्य प्रदेश | मोहम्मद रफीक |
| केरल | एस. मणिकुमार |
| गुजरात | विक्रम नाथ |
| दिल्ली | धीरूभाई नारनभाई पटेल |
| पंजाब एवं हरियाणा | रवि शंकर झा |
| हिमाचल प्रदेश | लिंगप्पा नारायण स्वामी |
| सिक्किम | जीतेंद्र कुमार माहेश्वरी |
| छत्तीसगढ़ | पी.आर. रामचंद्र मेनन |
| उत्तराखंड | राघवेंद्र सिंह चौहान |
| झारखंड | डॉ. रवि रंजन |
| मेघालय | विश्वनाथ सोमाद्दर |
| मणिपुर | पी.वी. संजय कुमार |
| त्रिपुरा | अकिल ए.कुरैशी |
| तेलंगाना | कुमारी हिमा कोहली |
| आंध्र प्रदेश | अरूप कुमार गोस्वामी |

| राज्य के नाम | राज्यपाल | मुख्यमंत्री |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | विश्व भूषण हरिचंदन | वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी |
| अरुणाचल प्रदेश | बी.डी. मिश्रा | पेमा खांडू |
| असम | जगदीश मुखी | सर्बानंद सोनोवाल |
| उत्तर प्रदेश | आनंदीबेन पटेल | योगी आदित्यनाथ |
| उत्तराखंड | बेबी रानी मौर्य | त्रिवेंद्र सिंह रावत |
| ओडिशा | गणेशी लाल | नवीन पटनायक |
| कर्नाटक | वजुभाई आर.वाला | बी.एस. येदियुरप्पा |
| केरल | आरिफ मोहम्मद खान | पिनाराई विजयन |
| गोवा | भगत सिंह कोश्यारी | प्रमोद सावंत |
| गुजरात | आचार्य देवव्रत | विजयभाई आर. रूपाणी |
| छत्तीसगढ़ | अनुसूइया उइके | भूपेश बघेल |
| झारखंड | द्रौपदी मुर्मू | हेमंत सोरेन |
| तमिलनाडु | बनवारी लाल पुरोहित | टी.ई.के. पलानीस्वामी |
| तेलंगाना | तमिलिसाई सौंदरराजन | के. चंद्रशेखर राव |
| नागालैंड | आर.एन. रवि | नेफ्यू रियो |
| पंजाब | वी.पी. सिंह बदनोर | कैप्टन अमरिंदर सिंह |
| पश्चिम बंगाल | जगदीप धनखड़ | ममता बनर्जी |
| बिहार | फागू चौहान | नीतीश कुमार |
| मध्य प्रदेश | आनंदीबेन पटेल | शिवराज सिंह चौहान |
| महाराष्ट्र | भगत सिंह कोश्यारी | उद्धव ठाकरे |
| मणिपुर | नजमा हेपतुल्ला | एन. बीरेन सिंह |
| मेघालय | सत्यपाल मलिक | कोनराड के. संगमा |
| मिज़ोरम | पी.एस. श्रीधरन पिल्लई | पू जोरामथांगा |
| राजस्थान | कलराज मिश्र | अशोक गहलोत |
| सिक्किम | गंगा प्रसाद | प्रेम सिंह तमांग (गोलाय) |
| हिमाचल प्रदेश | बंडारू दत्तात्रेय | जयराम ठाकुर |
| हरियाणा | सत्यदेव नारायण आर्य | मनोहर लाल खट्टर |
| त्रिपुरा | रमेश बैस | बिप्लब कुमार देब |

## BPSC सीरीज़ की पुस्तकें




आपके नज़दीकी बुक स्टॉल,
दृष्टि लर्निंग ऐप
एवं drishtiias.com
पर उपलब्ध

विस्तृत जानकारी के लिये कॉल करें
8448485516, 87501-87501,
011-47532596

# दृष्टि लर्निंग ऐप पर उपलब्ध प्रमुख कोर्सेज़

IAS Foundation Course

## सामान्य अध्ययन

प्रिलिम्स + मेन्स

- 1200+ घंटों की 500+ कक्षाएँ
- सभी टॉपिक के लिये प्रिंटेड नोट्स
- 3 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

IAS Foundation Course

## General Studies

Prelims + Mains

- 400+ Classes of 1000+ hrs.
- Printed Notes of All Segments
- Other special facilities for 3 years

IAS Prelims Course

## सामान्य अध्ययन

केवल प्रिलिम्स

- 500+ घंटों की कक्षाएँ
- 'क्विक बुक सीरीज़' की 9 पुस्तकें
- 2 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

IAS + UPPCS + BPSC Optional Subject

## हिंदी साहित्य

द्वारा– डॉ. विकास दिव्यकीर्ति

- 400+ घंटों की कक्षाएँ
- पाठ्यक्रम में शामिल सभी पाठ्य-पुस्तकें तथा प्रिंटेड नोट्स
- 145 दैनिक अभ्यास प्रश्न और 18 टेस्ट पेपर (मॉडल उत्तर सहित)

BPSC Prelims Course

## बिहार PCS

- 500+ घंटों की कक्षाएँ
- 'BPSC सीरीज़' की 8 पुस्तकें
- 2 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

RAS/RTS Prelims Course

## राजस्थान PCS

- 500+ घंटों की कक्षाएँ
- 'RAS सीरीज़' की 8 पुस्तकें
- 2 वर्षों के लिये अन्य विशेष सुविधाएँ

अतिरिक्त जानकारी के लिये 9311406442 नंबर पर कॉल या वाट्सएप करें

विज़िट करें www.drishtiIAS.com

अपने फोन पर इंस्टॉल करें **Drishti Learning App**



641, 1st Floor, Dr. Mukherji Nagar, Delhi-9

Ph.: 011-47532596, 87501 87501

Website: www.drishtiias.com

E-mail: booksteam@groupdrishti.com